दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 । अंक: 282 जयपुर, शुक्रवार, 20 सितंबर, 2024 । आश्विन, कृष्ण पक्ष-तृतीया, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## मौत को मात: बांदीकुई में हुआ चमत्कार, 17 घंटे बोर में फंसी रही बच्ची को निकाला

# जिंदा लौट आई 2 साल की नीरू... रंग लाए रेस्क्यू करने के प्रयास

बेधड़क | बांदीकुई

प्रदेश की राजधानी जयपुर से 96 किमी दूर बांदीकुई के जोधपुरिया में छह सौ फीट गहरे बोरवेल में गिरी मासूम बच्ची मौत को मात देकर बाहर निकल आई। वह करीब पचास फीट गहराई में फंसी हुई थी, उसे बचाने के लिए पुलिस, प्रशासन, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और स्थानीय ग्रामीण 17 घंटे से लगातार प्रयास कर रहे थे। सभी के प्रयास रंग लाए और गुरुवार सुबह उसे बाहर निकाल लिया गया। उस वक्त वहां मौजूद सैकड़ों ग्रामीणों ने भारत माता की जय के नारे से आसमान गूंजा दिया। हालांकि रेस्क्यू टीम को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी और कई बाधाओं का सामना करना पड़ा, जिसमें सबसे बड़ी बाधा बारिश बन रही थी, लेकिन सभी के प्रयास आखिर सफल रहे।

### 600 फुट बोरवेल में गिर गई थी मासूम

दरअसल, दो साल की बच्ची नीरू बांदीकुई के जोधपुरिया गांव में अपने परिवार के साथ रह रही थी। परिवार ने अपने खेत में कुछ समय पहले बोरवेल कराया था, उसे करीब 600 फुट तक खोदा गया था, लेकिन पानी नहीं आने पर उसे बंद कर दिया गया था, लेकिन पिछले दिनों से लगातार बारिश के चलते बोरवेल के ठीक पर गहरा गड्ढा हो गया, जिसके बारे में किसी को जानकारी नहीं थी।



### ऐसे निकाली मौत के मुंह से

नीरू और परिवार के अन्य बच्चे बुधवार शाम इसी बोरवेल के पास खेल रहे थे। अचानक नीरू उसमें गिर गई। वह करीब पचास फीट गहराई में जाकर फंस गई। बुधवार शाम पांच बजे से उसे बचाने का काम शुरू हुआ और आज सवेरे करीब दस बजे सफलता मिली। इस बीच बच्ची को जगाए रखने के लिए उसकी मां लगातार उससे बातचीत कर रही थी। उस पर विशेष कैमरों से नजर रखी जा रही थी। बोरवेल के नजदीक ही समानांतर गड्ढा खोदकर उसे बाहर निकाला जा सका। मां कविता और परिवार एवं गांव के लोग लगातार प्रार्थना किए जा रहे थे। दस से ज्यादा बार बच्ची को निकालने का प्रयास किया गया, और अब सफलता मिल गई।

### मां की आवाज पर बोली... मम्मी आ...जा

रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान जवानों ने जब सुबह बच्ची की परिजनों से माइक और कैमरों के से बातचीत करवाकर रिंग के जरिए निकालने के लिए हाथ ऊपर करने को लेकर बार-बार उसे पुकारा गया। मासूम की मां और बड़ी बहनों ने नीरू को इसके लिए माइक से आवाज लगाई। नीरू को जैसे ही उसकी मां ने आवाज लगाई तो मासूम बच्ची ने कहा मम्मी आजा। इस पर वहां मौजूद एनडीआरएफ के जवान और लोग भावुक हो गए। टीमों के द्वारा बोरवेल में फंसीं बच्ची को दूध, पानी, बिस्किट, चॉकलेट, केले भेजे गए। हालांकि बच्ची थोड़ा पानी और दूध ही पी सकी।

## जरूरी खबर

### प्रियंका की मौत के मामले में RAS हुए लामबंद



**जयपुर**। जोधपुर की सहायक कलेक्टर प्रियंका बिश्नोई की मौत हो गई है। प्रियंका के इलाज में डॉक्टरों पर लापरवाही का गंभीर आरोप लगा है, जिसकी जांच की जा रही है। आरएएस अधिकारी प्रियंका बिश्नोई ने निधन पर राजस्थान प्रशासनिक परिषद ने भी नाराजगी जाहिर की है। आरएएस एसोसिएशन ने दोषी अस्पताल एवं चिकित्सक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की मांग को लेकर चिकित्सा विभाग की प्रमुख शासन सचिव को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में इलाज में लापरवाही बरतने वाले अस्पताल एवं चिकित्सक के विरुद्ध उच्च स्तरीय जांच कमेटी बना कर जांच की मांग की है।

### विपक्ष को तीन स्थाई समितियों की अध्यक्षता मिली

**नई दिल्ली**। कांग्रेस सांसद शशि थरूर विदेश मामलों से संबंधित संसद की स्थाई समिति की अध्यक्षता करेंगे, वहीं पार्टी के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह शिक्षा विभाग से जुड़ी समिति का नेतृत्व संभालेंगे। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी कृषि संबंधी स्थाई समिति और ओडिशा के कोरापुट से पार्टी सांसद सप्तगिरी उलका ग्रामीण विकास संबंधी समिति की अध्यक्षता करेंगे। दरअसल, मुख्य विपक्षी दल को लोकसभा की विदेश, कृषि और ग्रामीण विकास संबंधी तीन स्थाई समितियों की अध्यक्षता मिली है। पार्टी ने अब इन समितियों के अध्यक्षों के नाम तय कर दिए हैं। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल पहले से ही लोक लेखा समिति (पीएसी) के अध्यक्ष हैं।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

## चित्तौड़गढ़ में पौधरोपण कार्यक्रम में शरीक हुए भजनलाल

# बजट घोषणाओं की क्रियान्विति कर रहे सुनिश्चित: सीएम शर्मा

■ हरियाला होगा राजस्थान, 50 करोड़ पौधे लगाएंगे ■ पर्यावरण संरक्षण-संवर्द्धन हमारी प्राथमिकता

■ मुख्यमंत्री के साथ 1008 जोड़ों ने किया पौधरोपण

बेधड़क | जयपुर/चित्तौड़गढ़

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का मूल हैं। एक व्यक्ति के पेड़ लगाने से आने वाली कई पीढ़ियों को वृक्षों द्वारा प्राणवायु मिलती है। राज्य सरकार पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए कृतसंकल्पित होकर कार्य कर रही है। हमने 'हरियाळो राजस्थान' के अंतर्गत प्रदेशभर में 7 करोड़ से अधिक पेड़ लगाए हैं और एक दिन में दो करोड़ पेड़ लगाकर कीर्तिमान स्थापित किया है। पांच साल में 50 करोड़ से अधिक पौधे लगाने का हमने लक्ष्य भी निर्धारित किया है। शर्मा गुरुवार को चित्तौड़गढ़ के नरबदिया स्थित अनगढ़ बावजी परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रकृति की सेवा और मां के प्रति सम्मान के लिए शुरू किए गए अभियान के अंतर्गत आमजन एक पेड़ लगाने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी सामाजिक सरोकारों के प्रेरणापुंज हैं। उनके द्वारा चलाए गए स्वच्छ भारत अभियान, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जन जागरूकता के प्रमुख वाहक बन गए हैं।





### अमराभगत की धूणी में किए दर्शन

मुख्यमंत्री शर्मा ने अनगढ़ बावजी तपोस्थली पहुंचने पर संत शिरोमणि श्री श्री 1008 श्री अमरा भगत की धूणी पर घी की आहूति दी एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने सभास्थल पर ही मंत्रोच्चारण के साथ पीपल का वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में जनसहभागिता बढ़ाने का संदेश दिया। इस अवसर पर 1008 जोड़ों ने भी विधि विधान के साथ पूजा कर वृक्षारोपण किया।

### सभी विधानसभा क्षेत्रों का हो रहा विकास

शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश की 200 विधानसभाओं की करीब 8 करोड़ जनता के विकास एवं कल्याण के लिए कृतसंकल्पित होकर कार्य कर रही है। प्रदेश की हर पंचायत एवं गांव में विकास कार्य स्वीकृत कर उनकी क्रियान्विति सुनिश्चित की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने अधिकारियों को प्रत्येक विधानसभा की प्रोफाइलिंग करने के निर्देश दिए हैं, जिससे एक कार्ययोजना के अंतर्गत वर्षाजनित समस्याओं का समयबद्ध रूप से निस्तारण एवं विकास कार्यों की रूपरेखा सुनिश्चित की जा सकेगी।

### 2027 तक किसानों को मिलेगी दिन में भी बिजली

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में बिजली तंत्र को सुदृढ़ करने के लिए राज्य सरकार ठोस कार्य योजना पर काम कर रही है और वर्ष 2027 तक किसानों को दिन के समय में भी बिजली उपलब्ध हो सकेगी। साथ ही, उद्योग एवं घरेलू उपभोक्ताओं को भी पर्याप्त बिजली मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि उद्योग, पर्यटन, कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों के विकास के लिए पानी की आवश्यकता होती है। इसको ध्यान में रखते हुए हमारी सरकार ईआरसीपी, देवास परियोजना, इंदिरा गांधी नहर एवं यमुना जल समझौता जैसे अहम कदमों से राज्य में जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए गतिशील है।

### गोपालक लें 1 लाख रुपए तक ब्याज मुक्त ऋण

सीएम शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना के माध्यम से गोपालकों के लिए एक लाख रुपए तक ब्याजमुक्त ऋण की सुविधा प्रदान की है। इसके तहत गोपालक गाय-भैंस खरीद सकते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अनगढ़ बावजी परिसर में स्थित गोशाला को वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। साथ ही, उन्होंने भादसोड़ा उप तहसील को तहसील बनाने एवं अनगढ़ बावजी स्थित विद्यालय के क्रमोन्नयन करने की मांग पर सकारात्मक विचार करने का आश्वासन भी दिया।

### मेवाड़ है शक्ति और भक्ति की भूमि

मुख्यमंत्री ने चितौड़गढ़ के गौरवशाली इतिहास का स्मरण करते हुए यहां के शौर्य एवं पराक्रम को नमन किया। उन्होंने कहा कि मेवाड़ शक्ति और भक्ति की भूमि है। वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप, भक्त शिरोमणि मीरा बाई, पन्नाधाय की स्वामीभक्ति और भामाशाह जैसे दानवीरों की यह भूमि हमारे लिए प्रेरणा स्रोत है। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने चित्तौड़गढ़ के लिए बजट में कई घोषणाएं की हैं, जिनकी त्वरित क्रियान्विति सुनिश्चित की जा रही है।

### ये रहे कार्यक्रम के दौरान मौजूद

इस अवसर पर पशुपालन एवं डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत, राजस्व मंत्री हेमंत मीणा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक, राजस्थान धरोहर प्राधिकरण अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत, सांसद सी.पी. जोशी, विधायक श्रीचंद कृपलानी, अर्जुनलाल जीनगर सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## भाजपा सदस्यता महाअभियान

## प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ ने दी घर-घर दस्तक

# पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा लोक कल्याण में और कांग्रेस गाली में व्यस्त



बेधड़क | जयपुर

भाजपा के देश भर में चल रहे सदस्यता महाअभियान के तहत गुरुवार को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने जयपुर हेरिटेज निगम के वार्ड 92 के 115 नंबर बूथ पर पहुंचकर कार्यकर्ताओं के साथ घर घर दस्तक देकर सदस्यता ग्रहण करवाई। उन्होंने क्षेत्रवासियों से चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा वैचारिक अधिष्ठान के लिए काम करने वाला एक मात्र राजनैतिक दल है, जिसका ध्येय है समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति को विकास की यात्रा में भागीदार बनाकर समर्थ और समृद्ध समाज की रचना हो सके।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरी बार के कार्यकाल के सौ दिन में किए गए कल्याणकारी कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि विपक्ष केवल देश को बदनाम करने और मोदी को गाली देने में व्यस्त है वहीं प्रधानमंत्री लोक कल्याण के लिए 15 लाख करोड़ की योजनाओं को स्वीकृति देकर अपने संकल्प की पूर्ति में जुटे हैं। जयपुर शहर सदस्यता अभियान संयोजक शैलेंद्र भार्गव ने बताया कि क्षेत्र के श्री कृष्ण मंदिर में दर्शन पूजन कर संपर्क की शुरुआत की।

### ये रहे साथ

इस दौरान भाजपा वरिष्ठ नेता प्रणवेंद्र शर्मा, भाजपा प्रदेश मंत्री डॉ. महेंद्र कुमावत, मंडल अध्यक्ष के एम पारीक, मण्डल महामंत्री किशोर मोतियानी, विधानसभा संयोजक पवन कानूनगो, संयोजक ओम खत्री, सह संयोजक विजेता खड़लिया, बूथ अध्यक्ष शिव अरोरा, पार्षद रितु मोतियानी, कार्यालय मंत्री हर्षित कानूनगो, मन्दिर ट्रस्ट के अध्यक्ष वासुदेव पोपली, सत्येंद्र सोनी, विशुल गुप्ता, राजू मोदियानी, धीरज पावा, सन्नी चांदना सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थि रहे।

## चेन्नई टेस्ट मैच का पहला दिन

# अश्विन का शतक, भारत 339/6

**(एजेंसी) चेन्नई**। इंडिया वर्सेस बांग्लादेश दो मैच की टेस्ट सीरीज का पहले मैच में गुरुवार को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में भारत ने शुरुआती झटकों से उबरते हुए बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के पहले दिन 6 विकेट खोकर 339 रन बनाए। रविंद्र जडेजा और अश्विन के बीच हुई शतकीय साझेदारी की बदौलत भारतीय टीम 300 के पार पहुंचने में कामयाब हुई। दिन का खेल खत्म होने तक अश्विन (102) और जडेजा (86) रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं।

## FATF ने जारी की चेतावनी

# भारत को आईएसआईएस और अलकायदा जैसे संगठनों से है खतरा!

- भारत ने अपना लिए हैं एफएटीएफ द्वारा दिए गए 40 पैरामीटर्स
- एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में हैं पाक जैसे आतंकवाद के केंद्र बने देश
- ऐसे देश आईएमएफ और वर्ल्ड बैंक से नहीं ले सकते कर्जा

एजेंसी | नई दिल्ली

फाइनेंशियल टॉस्क फोर्स ने अपनी रिपोर्ट जारी कर भारत को तमाम आंतकी संगठनों के प्रति चेताया है। अपनी रिपोर्ट जारी कर एफएटीएफ ने कहा कि भारत को लगातार विभिन्न आतंकी खतरों का समाना करना पड़ता है। जम्मू-कश्मीर में और उसके आसपास के क्षेत्रों में सक्रिय आईएसआईएस या अलकायदा से जुड़े चरमपंथी संगठन लगातार भारत पर हमले के प्रयास में लगे रहते हैं। इसके अलावा भारत के पूर्वोत्तर और उत्तर के क्षेत्रीय विद्रोही और अन्य भारत विरोधी संगठन लगातार सरकार कि खिलाफ साजिश करते हैं। भारत ने इन सबसे निपटने के लिए एफएटीएफ द्वारा दिए गए 40 पैरामीटर्स को अपना लिया है।




### आतंक के खिलाफ भारत के काम की सराहना

फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) ने आतंकरोधी गतिविधियों में भारत के काम की तारीफ की है। एफएटीएफ ने कहा कि भारत ने हमारी सिफारिशों का सही ढंग से पालन किया है और आतंक के वित्तपोषण को रोकने के लिए कई हाई-लेवल उपायों का विकास किया है। अपनी रिपोर्ट में एजेंसी ने कहा कि भारत लगातार आतंक के खतरों का सामना कर रहा, लेकिन भारत ने इनके वित्त पोषण को रोकने का काम किया है।

### अभी सुधार की जरूरत

एफएटीएफ ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है, लेकिन साथ में ही यह एक निम्न आय वाला देश भी है, जिसके कारण यहां पर मनी लॉन्ड्रिंग जैसे खतरे बहुत ज्यादा है। हालांकि भारत धोखाधड़ी और जालसाजी संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग के मामलों का उचित रूप से सामना कर रहा है, लेकिन कुछ और सुधार करने की जरूरत भी है। एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में कहा की भारत में मनी लॉन्ड्रिंग के मामलों में संवैधानिक सीमाएं समाने आती है भारत के कोर्ट्स में मामला कई साल तक चलते हैं।

### क्या है एफएटीएफ

फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स यानी एफएटीएफ दुनिया भर में आंतकवादी वित्तपोषण पर निगरानी करने वाली संस्था है, इसका मुख्यालय फ्रांस की राजधानी पेरिस में है। इसका गठन 1989 में किया गया था। यह वित्तीय अपराधों को रोकने वाली एक मानक संस्था है। इसमें विश्व बैंक और संयुक्त राष्ट्र संघ और कई संस्थाओं को पर्यवेक्षक का दर्जा प्राप्त है। इसके अलावा यह अपने सदस्य देशों और सभी देशों को अपने अपने नियमों का पालन कराता है। इसके 36 देश और दो संगठन सदस्य हैं। 9 सहयोगी सदस्य समूहों के माध्यम से अधिकांश देश इसका हिस्सा हैं।

'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट: उद्योग मंत्री के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने कतर सरकार के अधिकारियों से की मुलाकात

# दोहा में इवेस्टर रोड शो... निवेशकों को राजस्थान आने का दिया न्योता

**बेधड़क** | दोहा (कतर)/जयपुर

'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के संयुक्त अरब अमीरात अंतरराष्ट्रीय इंवेस्टर रोड शो के बाद गुरुवार को कतर की राजधानी दोहा में इंवेस्टर रोड शो का आयोजन किया गया।

इसमें उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने भाग लिया। इस दौरान उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री एवं प्रतिनिधिमंडल के अन्य सदस्यों ने कतर सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अंडर सेक्रटरी मोहम्मद बिन हसन अल मल्क से भी मुलाकात की और कतर सरकार के प्रतिनिधियों को 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया। कतर दौरे पर गए प्रतिनिधिमंडल ने रियल एस्टेट और हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी सीडीसी और कतर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अधिकारियों से भी मुलाकात की। राजस्थान के रियल एस्टेट, इंफ्रास्ट्रक्चर, केमिकल्स और पेट्रो केमिकल्स, रिन्यूएबल एनर्जी, जैसे क्षेत्रों के बारे में बताते हुए निवेश के लिए आमंत्रित किया।





### व्यापार के लिए राजस्थान में बेहतरीन माहौल: राज्यवर्धन राठौड़

दोहा इंवेस्टर रोड शो में निवेशकों को संबोधित करते हुए उद्योग और वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि प्रदेश की बेहतरीन भौगोलिक स्थित और प्रचुर प्राकृतिक संसाधनों के मध्य राजस्थान व्यापार के लिए सबसे अनुकूल गंतव्यों में से एक के रूप में उभर रहा है। हमने कई सरकारी नीतियों, नियमों और दिशा निर्देशों को बदल डाला है या बदलने की दिशा में हैं ताकि राज्य में व्यापार और कारोबार जगत के अनुरूप माहौल बन सके और राज्य में व्यापार करना ज्यादा आसान हो। हमारे अंदर राजस्थान को विकसित राज्य बनाने की राजनीतिक इच्छा शक्ति है और यह इस बात से ही स्पष्ट है कि अपने पहले ही साल में हमने ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का आयोजन किया है, ताकि हम केवल एमओयू न साइन करें बल्कि उन्हें धरातल पर उतार कर वास्तविक परियोजनाओं में बदल सकें। हमारा एक और बड़ा फोकस व्यवसाय करने की लागत को कम करने पर है, ताकि राजस्थान को कॉस्ट कॉम्पिटिटिव राज्य बनाया जा सके।

### विदेशी निवेशकों को किया आमंत्रित

रोड शो में कतर में भारत के राजदूत विपुल ने कहा कि 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के जरिए कतर के साथ राज्य के सहयोग का एक नया अध्याय लिखने की कोशिश कर रही है। राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे आर्थिक और नीतिगत सुधारों के मद्देनजर कतर के निवेशकों को राजस्थान का दौरा करने का आग्रह करता हूं। कतर में मौजूद भारतीय दूतावास राजस्थान और कतर के कारोबारी जगत के बीच एक सूत्रधार की भूमिका निभाने के लिए उत्साहित है। ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टमेंट प्रोमोशन के एडिश्नल कमिश्नर (इन्वेस्टमेंट) सौरभ स्वामी ने कहा कि राजस्थान सरकार का लक्ष्य अगले पांच सालों में 350 बिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनना और अगले कुछ वर्षों में अपने निर्यात को दोगुना करना है। हमारे लिए कतर के रियल एस्टेट, एग्रीटेक, नेचुरल गैस, लॉजिस्टिक्स और पेट्रो केमिकल्स जैसे क्षेत्र और इन उद्योगों की विशेषज्ञता और संसाधन बहुत महत्व रखते हैं।

## जरूरी खबर

### मंत्री नागर ने किए सालासर बालाजी के दर्शन



**जयपुर।** ऊर्जा राज्य मंत्री हीरालाल नागर ने धर्मपत्नी अरुणा नागर के साथ गुरुवार सालासर बालाजी मंदिर में पूजा अर्चना कर देश-प्रदेश में सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की। श्री हनुमान सेवा समिति के अध्यक्ष यशोदानंदन पुजारी, धर्मवीर पुजारी, मनोज पुजारी, सुरेश पुजारी सहित समिति सदस्यों ने मंत्री नागर व उनकी धर्मपत्नी का दुपट्टा ओढ़ाकर व बालाजी की तस्वीर भेंट कर सम्मान किया। सेवा समिति के धर्मवीर पुजारी, हीरालाल पुजारी, मांगीलाल पुजारी ने पूजा अर्चना करवाई। इस पर प्रधान संतोष मेघवाल, कविता नागर, नायब तहसीलदार अमरसिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

### नेता प्रतिपक्ष का बयान आरक्षण विरोधी: मीणा



**जयपुर।** भाजपा प्रवक्ता पंकज मीणा ने कहा कि कांग्रेस प्रारंभ से ही आरक्षण विरोधी रही है और यह बात नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जुली के बयान से एक बार फिर साबित हुई है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने संसद के पटल पर कहा था कि वे सरकारी नौकरी में आरक्षण के खिलाफ है। उनके बाद इंदिरा गांधी के लगाकर राजीव गांधी और अब यही मंशा कुछ दिन पहले राहुल गांधी ने अमेरिका में जाकर प्रकट की है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के आरक्षण समाप्त करने के बयान का ही समर्थन करते हुए नेता प्रतिपक्ष ने भी आरक्षण समाप्त करने की बात कहकर जता दिया कि कांग्रेस आरक्षण संबधी अधिकार पर डाका डालने की मंशा रखती है।

भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ बोले...

# 'अभी स्टेपनी बदली है, जल्द नए सिरे से होगा काम'



**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश भाजपा में एक बार फिर नए सिरे से प्रदेश संगठन से लेकर जिला इकाई और मंडल तक बदलाव की तैयारी की जा रही है। बीजेपी के नए प्रदेश अध्यक्ष अपनी ही टीम के साथ काम करेंगे। इसके संकेत उन्होंने साफ दे दिए। हालांकि उपचुनाव से पहले बड़े स्तर पर बदलाव होना थोड़ा मुश्किल है, लेकिन कुछ स्थानों पर बदलाव की शुरुआत हो गई है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि अभी सिर्फ स्टेपनी बदली जा रही है, जल्दी ही नए सिरे से बदलाव दिखेगा, हमारे ऊपर किसी तरह की कोई पाबंदी नहीं है।

टीम की घोषणा को लेकर उन्होंने कहा कि अभी कोई बहुत बड़ा फेरबदल नहीं करेंगे, लेकिन कहीं कोई टायर पंचर हो जाए तो स्टेपनी लगानी पड़ती है, यह तो करना ही पड़ेगा, वहीं किया जा रहा है। कहीं पर लगेगा की कल पुर्जो में आवाज आ रही है तो उसको भी ठीक करना पड़ता है। उसको टाइट करें ताकि आवाज नहीं आए। उन्होंने कहा कि कहीं कुछ चेंज करना पड़े तो वह भी करना ही है, लेकिन अभी कोई बड़ा बदलाव हो ऐसा नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारे ऊपर न कोई प्रतिबंध में नहीं है और ना हीं कुछ छूट है। जरूरत है तो बदलाव करेंगे, जरूरत नहीं तो अभी नहीं करेंगे। अभी कुछ समय इन्हीं से काम चलाएंगे, लेकिन कुछ समय बाद नए सिरे से काम होगा।

### उपचुनाव के बाद बदलाव संभव!

बीजेपी के सियासी गलियारों में चर्चा इस बात की ज्यादा है कि जैसे ही उपचुनाव खत्म होंगे, उसके बाद संगठन में नए सिरे से बड़ा बदलाव होगा। उपचुनाव से पहले किसी तरह की कोई नाराजगी सामने नहीं आए, इसलिए अभी मदन राठौड़ कुछ पदों पर ही बदलाव करके पुरानी टीम से काम चलाएंगे, लेकिन जिस तरह से मदन राठौड़ अपनी टीम में बदलाव को लेकर बयान देते रहे हैं। वह इस बात की ओर साफ संकेत करते हैं कि वह किसी पुरानी टीम के साथ नहीं, बल्कि अपनी नई टीम के साथ काम करेंगे।

### एक जिला अध्यक्ष और दो सह प्रभारी नियुक्त

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देश पर प्रदेश महामंत्री जितेंद्र गोठवाल ने करौली जिला अध्यक्ष के पद पर बदलाव करते हुए शिव कुमार सैनी को करौली जिला का अध्यक्ष नियुक्त किया है, जबकि भवानी शंकर शर्मा और रजनीश चनाना को प्रदेश कार्यालय सह प्रभारी नियुक्ति किया है। मदन राठौड़ के अध्यक्ष बनने के बाद यह तीन बड़े बदलाव बड़े स्तर पर देखे जा रहे हैं। साथ ही इस घोषणा से यह कयास लगाए जा रहे है कि प्रदेश के बाकी जिलों में भी भाजपा जल्द ही जिला अध्यक्षों की घोषणा कर सकती है। जिला अध्यक्ष के साथ मोर्चो और विभागों में बदलाव की चर्चाओं ने जोर पकड़ लिया है।

## 'समाज के हर वर्ग तक पहुंचे BJP कार्यकर्ता'

**जयपुर।** भाजपा के देश भर में चल रहे सदस्यता महा अभियान के तहत जयपुर के तीन संगठनात्मक जिलों के प्रमुख पदाधिकारियों के साथ बैठक कर प्रदेश संगठन सह प्रभारी विजया राहटकर ने फीड बैक लिया और अभियान की सफलता के लिए मंत्र दिया। वे जयपुर शहर, जयपुर उत्तर ग्रामीण, जयपुर दक्षिण ग्रामीण के प्रदेश पदाधिकारियों से रूबरू हुई और अब तक की प्रगति रिपोर्ट ली। उन्होंने कहा कि लक्ष्यों को अर्जित करने के लिए पूर्व योजना और पूर्ण योजना बनाकर काम करें, ताकि हमारा पुराना सदस्य इससे वंचित नहीं रहे और समाज के सभी वर्गों के लोग इससे जुड़कर राष्ट्रवाद को मजबूत करने के लिए भाजपा के साथ जुड़ सके। अभियान के प्रदेश संयोजक और पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अरुण चतुर्वेदी ने अब तक चले अभियान के बारे में जानकारी देते हुए सदस्यता अभियान के प्रभावी संचालन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### पदाधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

अभियान के प्रदेश सह प्रभारी और प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा ने बताया कि इस अवसर पर प्रमुख पदाधिकारियों को अलग-अलग विधानसभाओं के लिए जिम्मेदारी दी गई। उन्होंने बताया कि जयपुर शहर जिला अध्यक्ष राघव शर्मा हवामहल, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच किशनपोल, पूर्व सांसद रामचरण बोहरा आदर्श नगर, नरेश बंसल सांगानेर, बीपी सारस्वत सिविल लाइंस, महेंद्र पाल मीना आमेर, उप महापौर पुनीत कर्णावत दूदू, श्याम अग्रवाल शाहपुरा,राजेश गुर्जर फुलेरा, विष्णु चेतानी विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र में बतौर प्रवासी कार्यकर्ता कार्य देखेंगे। उन्होंने बताया कि 25 सितंबर तक प्रत्येक बूथ पर कम से कम 500 सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है।






भाजपा का सेवा पखवाड़ा: गांधी जयंती तक चलेगा अभियान

## मीडिया विभाग ने किया पौधरोपण और श्रमदान

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से शुरू हुए भाजपा के सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत प्रदेश मीडिया विभाग द्वारा पौधरोपण और श्रमदान किया गया।

प्रदेश संयोजक प्रमोद वशिष्ठ के नेतृत्व में शिप्रा पथ स्थित मोक्ष धाम में पौधरोपण और श्रमदान किया गया। प्रमोद वशिष्ठ ने कहा कि सत्ता के भोग के लिए नहीं बल्कि सेवा के संकल्प के साथ प्रधानमंत्री मोदी काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से शुरू हुआ यह सेवा पखवाड़ा गांधी जयंती तक चलेगा। इसमें देश भर में समाज सेवा के अनेक कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। इसी कड़ी में गुरुवार यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में मीडिया विभाग की प्रदेश टीम के सदस्य, मंडल पदाधिकारी, स्थानीय पार्षद, व्यापार मंडल के अध्यक्ष, सदस्य आदि मौजूद रहे।

डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने कहा...

## जल्दी लागू होगी नई पर्यटन इकाई नीति

**बेधड़क** | जयपुर



डिप्टी सीएम दिया कुमारी की अध्यक्षता में शासन सचिव पर्यटन, कला एवं संस्कृति तथा पुरातत्व रवि जैन की उपस्थिति में गुरुवार को पर्यटन भवन में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए पर्यटन विभाग से संबंधित बजट घोषणाओं, अन्य घोषणाओं, 'राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024' के आयोजन से पूर्व 8 अक्टूबर को जयपुर में आयोजित होने वाली प्री-समिट में पर्यटन विभाग की भूमिका के निर्वहन की कार्य योजना पर चर्चा तथा पर्यटन विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई।

दिया कुमारी ने बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए कहा कि 'राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट' के आयोजन से पूर्व 8 अक्टूबर को जयपुर में आयोजित होने वाली प्री-समिट में आने वाले स्टेक होल्डर्स को बताएंगे कि राजस्थान में पर्यटन के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं।

हम उम्मीद करते हैं कि समिट में राजस्थान पर्यटन के क्षेत्र में निवेश के कई एमओयू किए जा सकेंगे। डिप्टी सीएम ने बताया कि आज बैठक में राजस्थान की नई पर्यटन (यूनिट पॉलिसी) इकाई नीति पर चर्चा की गई है। राजस्थान पर्यटन इकाई नीति को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसे जल्दी ही राज्य में लागू किया जाएगा। दिया कुमारी ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि राजस्थान को पर्यटन के क्षेत्र में नंबर एक राज्य बनाएं।

4 अक्टूबर तक कर सकते हैं आवेदन

## कोल्ड स्टोरेज के लिए 1 करोड़ 40 लाख तक का अनुदान




**जयपुर।** कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के प्रमुख शासन सचिव वैभव गालरिया ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा कृषक उद्यमी या कृषक समूह को कोल्ड स्टोरेज बनाने पर अधिकतम 1 करोड़ 40 रुपए तक का अनुदान दिए जाने का प्रावधान है।

उन्होंने बताया कि आवेदनकर्ता 4 अक्टूबर तक संबंधित जिले के उद्यानिकी विभाग कार्यालय में आवेदन कर अनुदान का लाभ ले सकते हैं। गालरिया ने गुरुवार को पंत कृषि भवन के सभा कक्ष में राजस्थान हॉर्टिकल्चर डवलपमेंट सोसायटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि कोल्ड स्टोरेज पर राष्ट्रीय हॉर्टिकल्चर मिशन योजनांतर्गत 250 मेट्रिक टन से लेकर अधिकतम 5 हजार मेट्रिक टन का कोल्ड स्टोरेज बनाने पर अनुदान दिए जाने का प्रावधान है। कोल्ड स्टोरेज बनाने पर इकाई लागत का 8 हजार रुपए प्रति मेट्रिक टन से गणना कर अधिकतम 5 हजार मेट्रिक टन पर इकाई लागत का 35 प्रतिशत या अधिकतम 1 करोड़ 40 लाख रुपए का अनुदान दिया जाता है। बैठक में कोल्ड स्टोरेज व हाईटेक नर्सरी स्थापना के परियोजना प्रस्तावों का पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुतीकरण भी किया गया।

जिला स्तरीय सुनवाई में लगाई गुहार

# IAS-डॉक्टर व तहसीलदार के बुजुर्ग पिता फरियादी बनकर पहुंचे कलेक्ट्रेट

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर कलेक्ट्रेट कार्यालय में गुरुवार को जिला स्तरीय सुनवाई हुई। जिला कलेक्टर की अगुवाई में जन अभाव अभियोग निराकरण समिति की बैठक हुई। जयपुर सांसद मंजू शर्मा, सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा और जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह ने भी जनसुनवाई की। अधिकतर फरियादियों की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

जिला स्तरीय सुनवाई में जयपुर के आगरा रोड निवासी बुजुर्ग पिता रास्ते से बबूल के पेड़ को हटाने की फरियाद लेकर पहुंचे। उन्होंने कहा कि बबूल का पेड़ होने से आने-जाने में दिक्कत होती है। खास बात यह है कि इन बुजुर्ग के तीन बेटे हैं, जिनमें से एक आईएएस, एक डॉक्टर और एक तहसीलदार हैं। जब इन्होंने यह बात बताई तो वहां मौजूद सभी लोग दंग रह गए। जिला स्तरीय जनसुनवाई में किसी की रुकी हुई पेंशन शुरू हो गई तो किसी को निशुल्क इलाज के रूप में संजीवनी मिली। किसी के बेहतर भविष्य के सपने को मिला छात्रवृत्ति का संबल तो किसी को मिला पालनहार योजना का सहारा।

जनसुनवाई कार्यक्रम में जिला कलेक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी ने 176 परिवादियों के परिवाद सुने। इनमें से कई प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। अन्य प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के लिए कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।





### PF का पैसा नहीं मिलने पर रोने लगे बुजुर्ग

जनसुनवाई में कलेक्टर के सामने एक बुजुर्ग फरियादी रोने लग गए। उन्होंने कहा कि काफी चक्कर काटने के बाद भी उन्हें अभी तक पत्नी के पीएम का पैसा नहीं मिला है। इस पर कलेक्टर जितेंद्र सोनी ने तुरंत पीएफ दिलाने के निर्देश दिए। एक फरियादी ने आंखों का ऑपरेशन कराने और अपनी जगह बेटे को नौकरी देने की गुहार लगाई। इस पर कलेक्टर ने हरसंभव मदद देने का आश्वासन दिया। वहीं एक कपल भी जनसुनवाई में पहुंचा। उन्होंने कलेक्टर को बताया कि उन्होंने लव मैरिज की है, फिर भी परिवार के लोग साथ नहीं रहने देते हैं। इस पर कलेक्टर ने हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

### कलेक्टर ने अफसरों को दी सख्त हिदायत

इस दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को सख्त हिदायत भी दी। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को जनसुनवाई के प्रकरणों को गंभीरता से लेने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने साफ कर दिया कि लापरवाही बरतने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि दूरदराज से लोग समस्या लेकर हमारे पास उम्मीद के आते हैं। इसलिए इनकी समस्या का समाधान होना ही चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं भी एक छोटे से गांव से आया हूं, इसलिए जनता के दुख को अनदेखा ना करें।

## जरूरी खबर

### रेलकर्मियों का DRM ऑफिस में प्रदर्शन



**जयपुर।** उप रेलवे के जयपुर मंडल के वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (ईएनएचएम/पावर) के खिलाफ गुरुवार को ऑल इंडिया एससी-एसटी एम्प्लॉइज एसोसिएशन जयपुर मंडल के रेलकर्मियों ने अजा-जनजाति विरोधी रवैये का आरोप लगाते हुए डीआरएम ऑफिस में विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में कहा गया कि इस अधिकारी के रवैये से एससी-एसटी वर्ग के रेलकर्मियों में भय का माहौल है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष और जोनल सचिव ने कहा कि इस इंजीनियर को पाबंद करने और एससी-एसटी वर्गों के हितों से खिलवाड़ नहीं करने के लिए चेताया। इसके बारे में उप रेलवे जीएम को अवगत कराने और स्थानांतरण की मांग रखी जाएगी। प्रदर्शन को मंडल अध्यक्ष रामसिंह, कार्यकारी अध्यक्ष हजारीलाल मीना, अतिरिक्त सचिव प्रेमचंद वर्मा, कोषाध्यक्ष रामबाबूल गौत्तम ने संबोधित किया।

### गो काष्ट को आधिकारिक रूप से मिलेगी मान्यता

**जयपुर।** गोपालन विभाग राजस्थान के नवनियुक्त निदेशक प्रह्लाद नागा गुरुवार को टोंक रोड, सांगानेर स्थित जैविक वन औषधीय पादप केंद्र पहुंचे। इस अवसर पर गो सेवा आयोग, राजस्थान की सचिव डॉ. अनीता अग्रवाल भी मौजूद रहीं। ऑर्गेनिक फार्मर प्रोड्यूसर एसोसिएशन और इंडिया के चेयरमैन व अखिल भारतीय गोशाला सहयोग परिषद के अंतरराष्ट्रीय संयोजक डॉ. अतुल गुप्ता ने नागा का स्वागत किया। सचिव ने इस मौके पर गाय के गोबर से बने गमले, राखियां, दीपक, गौकाष्ट, धूपबत्ती, हवन कुण्ड व अन्य अनेक गृह सज्जा के सामानों को देखा। इन उत्पादों को देखकर उन्होंने यह विश्वास दिलाया कि सरकारी पटल के माध्यम से इन उत्पादों को और प्रचारित व संवर्धित किया जाएगा।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

**सुबह 10 से शाम 6 बजे तक अलग-अलग शिफ्ट में होगी कटौती**

# मेंटेनेंस का झटका : आज 100 से अधिक इलाकों में रहेगी बिजली बंद

बेधड़क | जयपुर

राजधानी में शुक्रवार को मेंटेनेंस का कार्य किया जाएगा, इसके चलते शहर के 100 से अधिक इलाकों में सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक बिजली कटौती की जाएगी। इस दौरान करीब तीन से चार घंटे इन इलाकों में अलग-अलग शिफ्ट में बिजली बंद रहेगी। ऐसे में इन क्षेत्रों में रहने वाले उपभाक्ताओं को बिजली नहीं होने के कारण परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

### सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक



मानसरोवर क्षेत्र में सेक्टर 80 से 84, सामुदायिक केंद्र, माध्यम मार्ग रोड और आसपास, प्रताप नगर क्षेत्र में- सेक्टर 267, सेक्टर 268, शिवम हॉस्पिटल और आसपास। सांगानेर क्षेत्र में मालपुरा गेट, सुलभ काम्प्लैक्स के आस पास दुशाद नगर, सचिवालय विहार का कुछ भाग, रीको कांटा और आसपास। जगतपुरा क्षेत्र में नरसिह विला, विजय पैराडाइज, रोज रेजीडेंसी, ओम साई सिरडी पुरम, भोपला की ढ़ाणी, बगडो की ढ़ाणी और आस पास का क्षेत्र। हिम्मत नगर, वाटर वर्क्स हिम्मत नगर, जयपुरिया हॉस्पिटल, खंडाका हॉस्पिटल, लाल सिंह जुडो कॉलोनी, मिलाप नगर, युधिष्ठिर मार्ग, रमेश मार्ग, RBI के सामने तख्तेशाही रोड, कानोता बाग देवी पथ पार्क के पास, रेलवे लाइन के पास लवकुश नगर, महेश नगर JDA पार्क के पास डी ब्लॉक, धुलेश्वर गार्डन स्कूल के पास, हथरोई बावड़ी, पटेल नगर, विवेक विहार मेट्रो स्टेशन, मानव आश्रम कॉलोनी, वसुंधरा कॉलोनी, गायत्री नगर -ए खाली मैदान के आसपास, गोविन्द विहार विस्तार पार्क के पास, गोकुल वाटिका जीएसएस के पास, श्याम कॉलोनी श्याम नगर, दाना पानी के सामने जनपथ मेन रोड, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नगर, नागौर नगर 200 फीट बाइपास, प्लाट न. 910,911 के आसपास रानीसती नगर और आसपास के प्रभावित क्षेत्र।

### सुबह 10:30 से दोपहर 2:30 बजे तक

आगरा रोड क्षेत्र में संपूर्ण जामडोली, केशव विद्यापीठ, मांड्या मार्केट, ग्रीन पार्क, सर्वोदय कॉलोनी, मन्नू विहार, मंगल विहार, केशव विहार, देरावर नगर, भरत बिहार, माधव नगर, केशव पार्क, माधव नगर, बीपी लैब, प्रताप नगर, चेतक विहार, जनकपुरी, सुमेल रोड, मनीरत्नम विहार, वृंदावन विहार और आस पास का क्षेत्र ।

### दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक

मानसरोवर क्षेत्र में - सेक्टर 51 से 53, सेक्टर 67 से 69, VT रोड, अपैक्स कॉलेज, नाथा पेट्रोल पंप, आवास विकास मंडल, नगर निगम ऑफिस और आसपास। प्रताप नगर क्षेत्र में- सेक्टर 23 और आसपास, सांगानेर क्षेत्र में - यु डी बी बिल्डिंग, सचिवालय विहार, सूरज गेस्ट हाउस और आसपास का क्षेत्र। सुमन एन्क्लेव के सभी ब्लॉक विजय नगर शिव ऑफिसर्स कॉलोनी F ब्लॉक राजलक्ष्मी एन्क्लेव 6 गौरव रेजीडेंसी राजीव गांधी नगर और आस पास का क्षेत्र।

### सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक

नारायण विहार, भूरा जी विहार, कमल विहार, मुरली विहार, कैलाशपुरी, जीवन विहार, पीताम्बर नगर, विश्वामित्र मित्र मार्ग, ऑफिसर कैंपस, आनंद नगर, हनुमान नगर विस्तार, राजेंद्र नगर, अंजली मार्ग, 200 फीट बाई पास मंगल टेंट हाउस, सिरसी रोड, भुवनेश्वरी वाटिका, शिव विहार, रोशन नगर, कनकपुरा स्टैंड, ढाका नगर, पाल वाले बालाजी, आदिनाथ नगर, भूषण आई टी आई रील फैक्ट्री, शेखावत कॉलोनी, मसूर महल, सिरसी बाग, आनंद वन मिर्धा फार्म गणेश विहार कॉलोनी आस पास का प्रभावित क्षेत्र। सेठी कॉलोनी क्षेत्र में मेंटल हॉस्पिटल, सेठी कालोनी, बर्मिस कॉलोनी और आस पास।

### दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक

आदिनाथ नगर-।, साई बाबा मंदिर, होटल तरुण, सुभाष मार्ग, बगड़िया भवन, आजाद मार्ग, तख्तेशाही रोड RBI के पास, पार्क वाला मंदिर के पास लवकुश नगर-।, डी ब्लॉक महेश नगर, गोवर्धन कॉलोनी, धुलेश्वर मंदिर के पास, मूर्तिकला कॉलोनी, गायत्री नगर, गोकुल वाटिका, रानीसती नगर, निर्माण नगर -डी लेन न. 1,2,3,4, मकान न. G-32 श्याम नगर । ब्लॉक, मिर्ची पार्क के पास निर्माण नगर बी और आसपास के प्रभावित क्षेत्र।

**कमर दर्द के कारण एसीबी कोर्ट में पेश नहीं हो सकीं मुनेश गुर्जर**

# एसीबी ने मेयर के खिलाफ पेश की 2502 पन्नों की चार्ज शीट

बेधड़क | जयपुर

हेरिटेज मेयर मुनेश गुर्जर के खिलाफ गुरुवार को एसीबी ने 2502 पन्नों की चार्ज शीट पेश की। दरअसल पट्टे की एवज में भ्रष्टाचार के मामले में स्वायत्त शासन विभाग से मिले नोटिस के बाद गुरुवार को एसीबी कोर्ट में सुनवाई थी। कमर दर्द की वजह से मेयर मुनेश कोर्ट में पेश नहीं हो पाई। अब मामले में अगली सुनवाई 5 अक्टूबर को रखी गई है।

मेयर के वकील दीपक चौहान ने मेडिकल सर्टिफिकेट कोर्ट में पेश किया, इसमें बताया कि उनके कमर में काफी दर्द है। इसका इलाज वे दिल्ली में करवा रही हैं और डॉक्टर ने उन्हें 7 दिन का बेड रेस्ट बताया है। ऐसे में वह कोर्ट में पेश नहीं हो पाएंगी। वकील का कहना है कि जो आरोप लगाए गए है, वे तथ्यहीन हैं। गौरतलब है कि इससे पहले नगर निगम हेरिटेज मेयर मुनेश गुर्जर को एक बार 3 दिन का नोटिस दिया गया है। बुधवार को दिनभर चली कशमकश के बाद देर रात स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने मुनेश गुर्जर को तीन दिन का नोटिस देने का आदेश जारी किया।



### वकील बोले-मुनेश का कोई इन्वॉल्वमेंट नहीं

मेयर मुनेश गुर्जर के वकील दीपक चौहान ने बताया कोर्ट में एसीबी द्वारा चार्जशीट पेश की गई है। इसमें क्या आरोप लगाए हैं, इस बारे में तो फिलहाल मुझे कोई जानकारी नहीं है, लेकिन यह सभी आरोप पूरी तरह से तथ्यहीन है। यदि मुनेश गुर्जर के खिलाफ किसी भी तरह का साक्ष्य होता। तो एसीबी की टीम पिछले 1 साल में इन पर कार्रवाई करती, लेकिन ऐसा नहीं होना यह बताता है कि इस मामले में मुनेश गुर्जर का कोई इन्वॉल्वमेंट नहीं है। इस मामले को लेकर हमने हाईकोर्ट में भी याचिका लगाई है। इस पर 21 सितंबर को सुनवाई होगी। दरअसल, एसीबी की टीम ने कोर्ट में गुरुवार को मुनेश गुर्जर उनके पति सुशील गुर्जर, नारायण और अनिल के खिलाफ चार सीट पेश की है, जिसकी कोर्ट द्वारा जांच की जा रही है। ऐसे में सभी कागजात सही मिलने पर कोर्ट द्वारा चार्जशीट स्वीकार की जाएगी। इसके बाद मेयर द्वारा भेजे गए मेडिकल सर्टिफिकेट पर भी कोर्ट विचार कर अंतिम फैसला लेगा।




### फैसले के बाद कार्यवाहक मेयर पर चर्चा

स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि अधिकारियों की गड़बड़ी और लापरवाही की वजह से मेयर को फिर नोटिस देना पड़ रहा है। ऐसे में अब 3 दिन के नोटिस के बाद ही मुनेश गुर्जर प्रकरण पर कोई फैसला किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो भी न्यायसंगत कार्रवाई होगी, वह जरूर होगी। मंत्री ने कहा- मुनेश गुर्जर पर जो भी फैसला होगा। इसके बाद ही कार्यवाहक मेयर को लेकर पार्षदों से चर्चा की जाएगी। जो भी पार्षद राजनीति की समझ रखता होगा, जिसमें शैक्षणिक योग्यता होगी, उसे पैमाना मानकर ही कार्यवाहक मेयर चुना जाएगा। मंत्री ने कहा कि वर्तमान मेयर के खिलाफ हमारे पास कांग्रेसी पार्षद भी आए हैं। उन्होंने भी इस बात को स्वीकार किया है कि हमारी मेयर ने जमकर भ्रष्टाचार किया है। ऐसे में कार्यवाहक मेयर बनाने में किसी तरह की दिक्कत नहीं आएगी।

**झालावाड़ से लेकर आया था**

# 1.76 किलो अफीम लेकर जयपुर पहुंचा पकड़ा गया तस्कर

बेधड़क | जयपुर

एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) की टीम ने जयपुर के सदर थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 1 किलो 760 ग्राम अफीम बरामद की है।

तस्कर ट्रेन से अफीम लेकर झालावाड़ से जयपुर पहुंचा था। टीम को इनपुट मिला तो सदर थाने के सामने तस्कर गोपाल डोली (27) पुत्र रामलाल गुराडिया जोगा थाना मिश्रौली , झालावाड़ को पकड़ा। एडीजी क्राइम दिनेश एमएन ने बताया कि डीआईजी योगेश यादव व एडिशनल एसपी सिद्धांत शर्मा के सुपरविजन में अलग अलग टीमें गठित की गई हैं।

सब इंस्पेक्टर सुभाष सिंह तंवर के नेतृत्व में एएसआई शंकर दयाल शर्मा, हेड कॉन्स्टेबल महेश सोमरा, नरेंद्र सिंह, रविन्द्र सिंह, कमल सिंह, महावीर सिंह शेखावत एवं कॉन्स्टेबल नरेश कुमार, सोहन देव व सुरेश कुमार की एक टीम जयपुर, जोधपुर और कोटा रेंज रवाना की गई थी। सूचना न के दौरान टीम के सदस्य हेड



कॉन्स्टेबल महेश सोमरा को सूचना मिली कि एक व्यक्ति झालावाड़ से ट्रेन में मादक पदार्थ लेकर जयपुर आ रहा है।

सूचना कंफर्म होने के बाद सदर थाना पुलिस को सूचित किया गया। इस पर थाने के सामने गोपाल डोली बैग के साथ नजर आया। जब बैग की जांच की गई तो उसमें 1 किलो 760 ग्राम अफीम मिली। मामले में सदर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और खरीद-फरोख्त करने वाले लोगों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

**राहुल गांधी पर टिप्पणी के विरोध में कांग्रेस का धरना**

# BJP का नफरती कार्यक्रम उजागर करें

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं एवं नेताओं को जनता के बीच जाकर न सिर्फ भारतीय जनता पार्टी के नफरती कार्यक्रम को उजागर करना होगा बल्कि भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को चेताना होगा कि झूठ बोलकर सरकार में तो आ गए किन्तु अब देश के लिए और जनता के विकास के लिए कार्य करना होगा। डोटासरा राहुल गांधी के विरूद्ध हिंसात्मक, अभद्र एवं अमर्यादित टिप्पणी एवं बयान देने के विरोध में जयपुर के शहीद स्मारक पर कांग्रेस पार्टी द्वारा गुरुवार को दिए गए धरने में संबोधित कर




रहे थे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि जिला स्तर पर धरने-प्रदर्शन आयोजित करें। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि राहुल गांधी ने आरक्षण को लेकर कोई गलत बयान नहीं दिया है। प्रदेश कांग्रेस महासचिव व मीडिया प्रभारी स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि धरने को नेता प्रतिपक्ष उप नेता प्रतिपक्ष रामकेश मीना, सांसद भजनलाल जाटव, विधायक मनोज मेघवाल, अमित चाचाण, अमीन कागजी, पूर्व मंत्री गोविन्दराम मेघवाल, प्रतापसिंह खाचरियावास, पूर्व विधायक संयम लोढ़ा, आर.आर. तिवाड़ी, डॉ. अर्चना शर्मा, सुनीता गठाला आदि ने सम्बोधित किया।

**भेदभाव-छुआछूत मुक्त राजस्थान अभियान के जनसंवाद में बताई पीड़ा**

# हथाई के आगे चप्पल नहीं पहन सकती महिलाएं

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान में आए दिन समाज के अभिवंचित समुदाय के साथ छुआछूत और जाति/धर्म/लिंग के नाम पर भेदभाव की घटनाएं सामने आ रही हैं। ऐसे ही भेदभाव व प्रताड़ना के मामलों को लेकर गुरुवार को जयपुर में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें प्रदेशभर से जुटे लोगों ने प्रशासनिक अधिकारियों के सामने अपनी पीड़ा बताई। भेदभाव छुआछूत मुक्त राजस्थान अभियान की ओर से राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड मैदान में आयोजित 'जनसंवाद' में शोषित-पीड़ित, महिला, दलित, आदिवासी, घुमंतू, अल्पसंखक,




ट्रांसजेंडर और दिव्यांगजन समुदाय के लोगों ने अपने मुद्दे रखे।

अजमेर संभाग से आई निरमा ने बताया कि आज भी हथाई प्रथा के कारण गांवों में महिलाएं बड़े बुजुर्गों के व हथाई के चबूतरे के सामने से पांवों में चप्पल पहनकर नहीं जा सकतीं। जोधपुर जिले से आए त्रिलोकनाथ, नारूनाथ, पांचाराम कालबेलिया ने बताया कि उनके समुदाय के सी व्यक्ति के निधन पर शव को दफनाने के लिए जगह तक नहीं मिलती। प्रेम बाई ने कहा कि आज भी ट्रांसजेंडर्स समुदाय के साथ समाज में हर जगह, चिकित्सा, आवास, रोजगार में भेदभाव होता है। अलवर, टोंक से आए प्रवीण वाल्मीकि, राजेन्द्र करोतिया और दीपिका वाल्मीकि ने सीवरेज कार्यों में हो रही मौतों पर सवाल उठाया। चित्तौड़गढ़ से आए राकेश, महेश कंजर ने बताया कि उनके समुदाय पर आए दिन पुलिस चोरी के झूठे मामले दर्ज करके उन्हें प्रताड़ना देती है। जोधपुर से आईं अरुणा लीलावत ने बताया कि प्रदेश में आज भी कई इलाकों में नाई की दुकानों पर दलित समुदाय के लोगों के बाल नहीं काटे जाते। बाद में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम ज्ञापन दिया।

**खाद्य सुरक्षा विभाग ने की कार्रवाई**

# सब्जियों में लगी थी फंगस, कलर मिलाकर कर रहे थे लाल-हरी

बेधड़क | जयपुर

फ्रीज में रखी सब्जियों में फंगस लगी हुई थी और जो खाने के लिए बना रहे थे उनमें खतरनाक कृत्रिम रंग तरी के रूप में डाला जा रहा था। ये हालात खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम को कंवरनगर में झूलेलाल मंदिर के पास स्थित वीनस इंडियन हिंद ढाबा एंड रेस्टोरेंट में देखने को मिला। टीम गुरुवार को शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा आयुक्त इकबाल खान के निर्देशन और पंकज ओझा अति आयुक्त के नेतृत्व में वहां पर कार्रवाई के लिए पहुंची थी। पंकज ओझा ने बताया कि वहां पर गंदगी हाइजीन के बहुत गंभीर हालात मिले। खाने में हानिकारक कृत्रिम हरे और लाल रंग मिलाए जा रहे



थे। सब्जियों को रंग मिलाकर लाल और हरा किया जा रहा था। रंगों को घोल कर एक छोटी प्लास्टिक की बोतल में डालकर सब्जियों के ऊपर तरी के रूप में डाल दिया जाता था। साथ ही फ्रीजर में कई दिन पुरानी फंगस लगी हुई सब्जियां, मलाई कोफ्ते आदि रखे हुए मिले। ग्रेवी मलाईकोफ्ते सब्जियां आदि सभी का सैंपल लिया गया है और विस्तृत जांच के लिए लेबोरेटरी में भेजा जा रहा है जांच रिपोर्ट आने के बाद कड़ी कार्यवाही रिपोर्ट के अनुसार अमल में लाई जाएगी। सीएमएचओ प्रथम की टीम द्वारा यह कार्रवाई की गई, जिसमें रतन गोदारा, नरेंद्र शर्मा, नरेश चेजारा, पवन गुप्ता शामिल थे। रेस्टोरेंट मालिक द्वारा फूड लाइसेंस के स्थान पर सिर्फ रेजिस्ट्रेशन लेकर काम किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि अगर फूड ऑपरेटर द्वारा जीएसटी भरी जा रही है तो यह जीएसटी के नियमों का भी उल्लंघन है।

### खराब तेल में बनाई जा रही थी नमकीन

उधर, टीम मोती सिंह भोमियो के रास्ते, जोहरी बाजार में काला नमकीन भंडार पहुंची तो वहां पर कढ़ाई में अत्यंत काले पड़ चुके खराब और जहरीले तेल में मौके पर नमकीन बनाना पाया गया। साथ ही तेल के बर्तनों आदि पर भयंकर वाली गंदगी मेल और चीकट पाया गया। नमक आदि खाद्य पदार्थ खुले में रखे हुए पाए। नमकीन आदि किसी भी पैकेट पर निर्माण और एक्सपायरी की तिथि नहीं पाई गई। उल्लेखनीय है कि फूड लाइसेंस की अपेक्षा फूड रजिस्ट्रेशन पर यह काम कर रहे थे, जबकि उनके द्वारा जीएसटी का भी सर्टिफिकेट लिया हुआ है। ऐसे में उनके द्वारा जीएसटी की भी चोरी की आशंका है। काला नमकीन भंडार द्वारा प्रदेशों में भी नमकीन एक्सपोर्ट करने की सूचना प्राप्त हुई है। इस पर टीम ने नमकीन, खराब तेल आदि सामग्रियों का सैंपल लिया। यह कार्रवाई खाद्य सुरक्षा आयुक्त इकबाल खान के निर्देशन और पंकज ओझा अति आयुक्त के नेतृत्व में रतन गोदारा, नरेश चेजारा, नरेंद्र शर्मा, पवन गुप्ता, आदि खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा की गई।



## जरूरी खबर

### सीएम के ओएसडी ने ली कार्यकर्ताओं की बैठक



**चाकसू।** भारतीय जनता पार्टी सदस्यता अभियान को लेकर मुख्यमन्त्री भजनलाल शर्मा के निजी विशेषाधिकारी (ओएसडी) राधेश्याम उपाध्याय ने यहां पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक ली। जिसमें सदस्यता अभियान को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान चाकसू नगर एवं देहात मंडल सहित 530 नये लोगों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं कृषि मंडी पूर्व चेयरमैन कैलाश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष श्रवणलाल गुर्जर, नगर मंडल अध्यक्ष रामधन सैनी आदि मौजूद रहे।

### चाकसू में जिला कलेक्टर आज करेंगे जनसुनवाई

**चाकसू।** पंचायत समिति चाकसू परिसर के सभागार में जिला कलेक्टर जितेंद्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में जन जनसुनवाई एवं समाधान कार्यक्रम शुक्रवार को आयोजित होगा। चाकसू उपखण्ड अधिकारी शिवचरण शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि पंचायत समिति कार्यालय सभागार में सुबह 10.30 बजे से जनसुनवाई कार्यक्रम में आमजन की जनसुनवाई कर परिवेदनाओं का निस्तारण यथा संभव मौके पर ही किया जाएगा। जिसमें समस्त संबंधित विभागों के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि भाग लेंगे।

### जोधपुर में लीजेंड्स लीग क्रिकेट आज से

LEGENDS LEAGUE CRICKET

**जोधपुर।** लीजेंड्स लीग क्रिकेट में खेलने के लिए क्रिकेटर स्टुअर्ट बिन्नी, रॉबिन उथप्पा, जॉर्ज वर्कर, इसुरू उड़ाना, सचिन राणा, लेंडल सिमोंस, डेवोन स्मिथ भी जोधपुर पहुंचे चुके हैं। वहीं टीमों की नेट प्रैक्टिस भी शुरू हो चुकी है। गुरुवार को पांच बजे स्पार्टन एकेडमी में अर्बन हैदराबाद व इंडिया कैपिटल की टीम नेट प्रैक्टिस की। बरकतुल्लाह खां स्टेडियम में 20 से 26 सितंबर तक आयोजित होने वाले इस लीग का पहला मैच शुक्रवार को शाम 7 बजे शुरू होगा। पहला मैच हरभजन सिंह की कप्तानी वाली टीम मणिपाल टाइगर्स व इरफान पठान की कप्तानी की टीम कोणार्क सूर्या के बीच होगा। दोनों टीम ने सुबह नेट प्रैक्टिस की व शाम को अर्बन हैदराबाद व इंडिया कैपिटल की टीम नेट प्रैक्टिस की।

## जिला प्रमुख पर लगाया भेदभाव का आरोप तो जिला प्रमुख ने बजट नहीं आने का दिया हवाला

# अठारह विपक्षी जिला परिषद सदस्यों ने दिया इस्तीफा

**बेधड़क** | सीकर

सीकर जिला परिषद में साधारण सभा की बैठक में गुरुवार को कांग्रेस के 18 जिला परिषद सदस्यों ने सामूहिक रूप से इस्तीफा दे दिया। जिला परिषद सदस्यों ने जिला प्रमुख गायत्री कंवर पर भेदभाव के आरोप लगाया।

जिला प्रमुख गायत्री कंवर की अध्यक्षता में बैठक के शुरू होते ही हंगामा शुरू होने लगा। विपक्ष सदस्यों ने कांग्रेस के सदस्यों वाले इलाके में बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित आमजन से जुड़े विकास कार्यों में भेदभाव करने और काम नहीं करवाने के आरोप जिला प्रमुख पर लगाए। विपक्षी सदस्यों ने सदन में जमकर नारेबाजी की। विपक्षी कांग्रेस सदस्य जयंत निठारवाल ने बजट को लेकर विपक्ष के साथ भेदभाव करने के आरोप लगाए।

वार्ड नंबर 29 की कांग्रेस सदस्य उर्मिला धायल ने सदन को संबोधित करते हुए कहा कि उनके क्षेत्र में पेयजल की बड़ी समस्या है। लेकिन पिछले साढे तीन साल से उनके क्षेत्र में एक भी ट्यूबवेल नहीं लगाया गया। उन्होंने कहा कि इलाके में महिलाएं करीब 3 किलोमीटर दूर से सिर पर मटका उठाकर पानी लेकर आती हैं।

### मांगें नहीं मानने तक बहिष्कार रहेगा जारी

विपक्षी सदस्यों ने सदन में जनहित के मुद्दों की सुनवाई नहीं होने के आरोप भी लगाए। सदस्यों ने कहा कि जिला प्रमुख गायत्री कंवर को सामूहिक रूप से इस्तीफा दे देना चाहिए। काम नहीं होने पर जिला प्रमुख गायत्री कंवर ने जिला परिषद में बजट नहीं होने का हवाला दिया। जिसके बाद विपक्षी कांग्रेसी सदस्यों ने जिला प्रमुख को सामूहिक रूप से इस्तीफा सौंपते हुए सदन की कार्यवाही का बहिष्कार कर दिया। विपक्ष के सदस्यों ने कहा कि जब-तक उनके मांगे पूरी नहीं होगी तब-तक वह जिला परिषद की बैठक का बहिष्कार करेंगे।



### 3 किलोमीटर से महिलाएं लाती हैं पानी

जिला परिषद वार्ड नंबर 29 की सदस्य उर्मिला घायल ने कहा कि हम आम जनता के मुद्दों को उठाने के लिए उन्होंने चुनकर सदन में भेजा है। मैने साढ़े तीन साल में कई बार मुद्दा उठाया कि मेरे इलाके में पीने के पानी की समस्या बनी हुई है। इलाके की महिलाएं तीन-तीन किलोमीटर दूर से सिर पर पानी का मटका लेकर आती है। पानी की समस्या को लेकर कई बार सदन में मांग उठाई गई कि हर पंचायत में 10 ट्यूबवेल स्वीकृत किए जाए। पिछले साढ़े तीन साल में मेरे इलाके में एक भी ट्यूबवेल नहीं लगाया गया।

### इन विपक्षी सदस्यों ने दिया इस्तीफा

- जयंत निठारवाल, वार्ड नंबर-11
- बनवारी लाल, वार्ड नंबर-3
- कपिल शर्मा, वार्ड नंबर-5
- संतरा देवी, वार्ड नंबर-6
- सरोज, वार्ड नंबर-7
- हनुमान प्रसाद, वार्ड नंबर-13
- सुभाष बाजिया, वार्ड नंबर-16
- आशा देवी, वार्ड नंबर-18
- कैलाश चंद्र, वार्ड नंबर-22
- कोयली देवी, वार्ड नंबर-24
- कैलाश, वार्ड नंबर-28
- संतोष कुमार, वार्ड नंबर-27
- उर्मिला, वार्ड नंबर-29
- बबीता, वार्ड नंबर-30
- सुशीला, वार्ड नंबर-31
- सोहन चौधरी, वार्ड नंबर-32
- मुमीमुद्दीन, वार्ड नंबर-38
- मंजू देवी, वार्ड नंबर-15

## बीकानेर की महाजन फायरिंग रेंज में दोनों देशों की सेना का युद्धाभ्यास जारी

# भारत और अमेरिका की सेना युद्धाभ्यास में दिखा रही शौर्य

**बेधड़क** | बीकानेर

भारत और अमेरिका की सेना का 72 घंटे का 'काल्पनिक युद्ध' गुरुवार से शुरू हो गया। बीकानेर की महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में धमाकों की गूंज सुनाई दी। दोनों देशों के सैनिकों ने दुश्मन के ठिकानों को ढूंढकर ध्वस्त किया।

'काल्पनिक युद्ध' में दोनों देशों के 600-600 जवान हिस्सा ले रहे हैं। भारत की 9वीं राजपूत रेजिमेंट के जवान पैदल आगे बढ़ेंगे। वहीं अमेरिकी जवान एम 777 हॉवित्जर तोप को तैनात करने से पहले दुश्मन के ठिकानों की एक्यूरेसी (सटीकता) का पता करेंगे। पिछले 12 दिन तक दोनों देशों के जवानों ने जो कुछ भी एक-दूसरे से सीखा है, उसको 'काल्पनिक युद्ध' में अमल में लाएंगे।

काल्पनिक युद्ध के लिए 72 घंटे की कार्य योजना बनाई गई है। संयुक्त सेना की अलग-अलग टुकड़ियों को जिम्मेदारी दी गई है। महाजन फील्ड फायरिंग रेंज के लंबे-चौड़े क्षेत्र में गोपनीय तरीके से दुश्मन के ठिकाने बनाए गए हैं। जहां पहले इंफेंट्री (पैदल सेना) कूच करेगी। पैदल सेना जैसे-जैसे आगे बढ़ेगी, वैसे-वैसे पीछे चल रही टुकड़ियों को सूचना भी दी जाएगी। दुश्मन के गोपनीय ठिकानों की सूचना पैदल सेना देगी। इसके बाद हेलिकॉप्टर से जवानों को जमीन पर उतारा जाएगा और वे दुश्मन के ठिकानों को ध्वस्त करेंगे।





### एम 777 हॉवित्जर तोप से दुश्मन ठिकानों पर बोलेंगे हमला

काउंटर टेररिज्म ऑपरेशन के तहत ये जवान आतंकियों के ठिकानों को ढूंढ रहे हैं। इंफेंट्री SIG SAUER 716 राइफल कंधे पर तानकर आगे बढ़ रही है। राजपूत रेजिमेंट के जवानों की एक आंख राइफल के लेंस पर टिकी है। जैसे ही कोई टारगेट नजर आता है, वैसे ही ट्रिगर दबा दिया जाता है। अगर कोई बड़ा टारगेट मिलता है या रिपोर्ट मिलती है तो सेना के इंफॉर्मेशन सिस्टम से पीछे चल रही एम 777 हॉवित्जर तोप के साथ मौजूद जवानों को रिपोर्ट किया जाएगा। युद्ध में सेना का एक टेक्निकल सिस्टम भी साथ में चल रहा है, जो युद्ध स्थल की एक-एक सेकेंड की रिपोर्ट आला अधिकारियों को देगा। इस सिस्टम के माध्यम से तोप सेना को बताया जाएगा कि टारगेट कहां है और कितना बड़ा है। इसके बाद एम 777 हॉवित्जर तोप से उस पर हमला किया जाएगा।

### जवान हेलिकॉप्टर से युद्ध में करेंगे एंट्री

मैदान में एक टीम हेलिकॉप्टर से उतरेगी। अमेरिका के अलास्का में तैनात 11 एयरबोर्न डिवीजन के जवान इस युद्धाभ्यास का हिस्सा हैं। ये जवान अलास्का में तैनात हैं, जहां पहुंचने के लिए कोई वाहन नहीं है। सिर्फ हेलिकॉप्टर से ही पहुंचा जा सकता है। यह तकनीक भारतीय जवान भी जानते हैं। ऐसे में दोनों मिलकर दुश्मन के ठिकानों से निश्चित दूरी पर हेलिकॉप्टर से उतरेंगे और सीधे युद्ध के मैदान में पहुंच जाएंगे।

### हाई मोबेलिटी आर्टिलरी सिस्टम का उपयोग

युद्धाभ्यास में अमेरिका और भारत दोनों हाई मोबिलिटी आर्टिलरी रॉकेट सिस्टम का इस्तेमाल सीख रहे हैं। काल्पनिक युद्ध में 3 दिन तक इसी आर्टिलरी सिस्टम का सबसे ज्यादा उपयोग होने वाला है। अमेरिकी हाई मोबेलिटी आर्टिलरी में अपने उस रॉकेट का उपयोग करेगा, जिसे रूस-यूक्रेन युद्ध में काम में लिया जा चुका है। 310 किलोमीटर मारक क्षमता वाले इस रॉकेट लॉन्चर का यहां करीब सौ किलोमीटर तक उपयोग हो सकता है। फिलहाल यह दुश्मन के काल्पनिक ठिकाने पर निर्भर करता है।

## पैर फिसलने से तालाब में समा गई

# तालाब में डूबने से 2 सगी बहनों की मौत मां-बेटे को बचाया



**बेधड़क** | बांसवाड़ा

जिले के पाटन थाना क्षेत्र में तालाब में नहाते समय 2 सगी बहनों के डूबने की घटना सामने आई है। दोनों बच्चियां तलाब पर अपनी मां के साथ गई थी। नहाते समय दोनों की तालाब में डूबने से मौत हो गई। गनीमत यह रही कि बच्चियों साथ के एक भाई, मां व अन्य को बचा लिया गया। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पाटन थानाधिकारी राम स्वरूप ने बताया कि पाटन थाना क्षेत्र के चोरवड़ गांव की रहने वाली एक महिला कपड़े धोने के लिए तालाब पर गई थी। उसके साथ बच्चे पर गए थे। ये सभी मादलदा तालाब के पास गए। महिला कपड़े धो रही थी और बच्चे तालाब में नहा रहे थे। इसी दौरान अचानक से छोटी बेटी अंजू का पैर फिसला और गहरे पानी में गिर गई। छोटी बहन को पानी डूबते देख बड़ी बहन 11 वर्षी पायल उसको बचाने के लिए गहरे पानी में कूद गई। जब दोनों बच्चियां डूबने लगी तो उनकी आवाज सुन कर मां भी चिल्लाते हुए उसी गहरे पानी में कूद गई।

पास में नहा रहा बच्चा भी अपनी मां के साथ गहरे पानी में चला गया। इसी दौरान आसपास मौजूद लोग चारों को बचाने के लिए तालाब में कूदे। ग्रामीणों ने मां-बेटे को तो सकुशल निकाल लिया, लेकिन दोनों बेटियों को नहीं बचाया जा सका। घटना की जानकारी के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया। पाटन थानाधिकारी राम स्वरूप ने बताया कि जिस तालाब पर यह हादसा हुआ वह मुख्य तालाब एमपी में आता है, जबकि इसका बैक वाटर प्रदेश के पाटन थाना क्षेत्र तक फैला हुआ है। इस क्षेत्र के लोग अक्सर नहाने और कपड़े धोने के लिए इस तालाब पर आ जाते हैं।

## जनसुनवाई में जिला कलेक्टर ने दिए निर्देश

# पोर्टल पर संतुष्टि 80% तक पहुंचाएं: शर्मा

**बेधड़क** | सीकर

राज्य सरकार के निर्देशों की पालना में जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में माह के तीसरे गुरूवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के वीसी हॉल कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित हुई।



जनसुनवाई में जन समस्याओं के कई प्रकरणों प्राप्त हुए, जिनके निस्तारण के लिए कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। जिला कलेक्टर शर्मा ने ग्राम पंचायत और ब्लॉक लेवल पर जनसुनवाई नियमित रूप से आयोजित करते हुए इनसे संबंधित शिकायतों को संपर्क पोर्टल पर दर्ज करना सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने निर्देशित किया कि जिले में राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर परिवादियों की संतुष्टि का प्रतिशत 68 प्रतिशत से बढ़ाकर 80 प्रतिशत तक बढ़ाने को कहा। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि दो दिवस में सम्पर्क पोर्टल के प्रकरणों का निस्तारण करें।

एक सप्ताह के बाद इसकी समीक्षा की जायेगी। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर हेमराज परीड़वाल, प्रशिक्षु आईपीएस शाहीन सी,उपखण्ड अधिकारी सीकर निखिल कुमार, सहायक निदेशक प्रशासनिक सुधार विभाग एवं प्रभारी अधिकारी जनसुनवाई इंदिरा शर्मा सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें।

## ठेकेदार की ओर से पेमेंट डालने पर की हड़ताल समाप्त

# 90 प्राइवेट सफाई कर्मचारी रहे हड़ताल पर

**बेधड़क** | चाकसू

प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर चल रहे स्वच्छता पखवाड़े के बीच गुरुवार को चाकसू कस्बे में समय पर वेतन नहीं मिलने को लेकर 90 प्राइवेट सफाईकर्मी हड़ताल पर उतर आए। नगरपालिका के सभी 35 वार्डों में गुरुवार सुबह सफाई कार्य नहीं हुआ।

सफाईकर्मियों की हड़ताल का असर चाकसू कस्बे में देखने को मिला। सफाई नहीं होने से व्यवस्था चरमराई गई और जगह-जगह गंदगी व कचरे के ढेर लग गए।



निजी सफाईकर्मी संघ के सुभाष वाल्मीकि सहित सफाईकर्मियों ने बताया कि पालिका क्षेत्र में एक निजी फर्म के ठेकेदार ने सफाई का टेंडर ले रखा है और 90 से ज्यादा कार्मिक लगे हुए है। ठेकेदार द्वारा उन्हें समय पर वेतन नहीं दिया जाता है, जिससे उन्हें काफी परेशानी हो रही है। उन्होंने वेतन संबंधित मांग पूरी होने तक कार्य बहिष्कार की चेतावनी देते हुए सफाई कार्य बंद कर दिया। इधर, सफाईकर्मियों की हड़ताल से कस्बे में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। कचरे के ढेर से उठने वाली दुर्गन्ध से उनका सांस लेना दूभर हो गया। निजी सफाईकर्मी संघ के सुभाष वाल्मीकि ने बताया कि सुबह हड़ताल पर जाने के बाद ठेकेदार ने दोपहर लगभग 1 बजे सफाई कर्मचारीयों के पेमेंट का भुगतान किया तो कर्मचारियों ने हड़ताल समाप्त कर दी। शुक्रवार से सभी प्राइवेट सफाई कर्मचारी काम पर लौट आएंगे। ठेकेदार मोहनलाल मीणा ने बताया कि पेमेंट का इश्यू था। जिसका सफाई कर्मचारियों को भुगतान कर दिया है।

## साइबर ठगी रोकने के लिए अच्छी पहल, पंचों ने लिया फैसला

# ठगी करते पाए जाने पर लगाएंगे 1 लाख का जुर्माना

**बेधड़क** | डीग

ऑनलाइन ठगी या साइबर ठगी के लिए बदनाम मेवात क्षेत्र मिनी जामताड़ा के नाम से जाना जाता है। पिछले दिनों कई ठगी की वारदातों के खुलासों में मेवात क्षेत्र खासकर डीग जिले का नाम आया है। जिसमें यहां के साइबर ठगों ने लोगों को करोड़ों का चूना लगाया है। इसी के चलते भरतपुर आईजी राहुल प्रकाश शर्मा और डीग जिला पुलिस अधीक्षक राजेश मीणा की ओर से एंटीवायरस अभियान चलाया गया है। जिसके बाद ऑनलाइन ठगी करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस की कार्रवाई से ठगी की वारदातों पर अंकुश भी लगा है। एडिशनल एसपी गुमना



राम ने बताया कि ऑपरेशन एंटीवायरस के तहत पुलिस डीग के भीलमका गांव पहुंची और लोगों से ठगी की वारदातें रोकने के लिए समझाया गया। इसके बाद गांव वालों ने पंचायत की और निर्णय लिया कि अगर गांव का कोई भी व्यक्ति ऑनलाइन ठगी करता पाया गया तो उस पर 1 लाख 11 हजार का जुर्माना लगाया जाएगा और गांव वाले खुद उसे पुलिस को सौंपेंगे।

### बताने वाले को 51 हजार का इनाम

इसी के साथ पंचायत ने ये भी फैसला लिया कि अगर कई भी व्यक्ति ये सूचना देगा कि गांव का कोई व्यक्ति ऑनलाइन ठगी कर रहा है, तो उसको 51,000 का इनाम दिया जाएगा। भीलमका निवासी शहजाद और उसके साथ करीब दो दर्जन से ज्यादा लोग एडिशनल एसपी कार्यालय पहुंचे और एएसपी को ज्ञापन सौंपा। वहीं, एएसपी गुमनाराम ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि जो व्यक्ति ऑनलाइन ठगी में लिप्त होगा उसी पर कार्रवाई की जाएगी। अन्य किसी को परेशान नहीं किया जाएगा। ग्रामीणों ने पुलिस को आश्वासन दिया कि गांव भीलमका में कोई व्यक्ति ऑनलाइन ठगी करता है, तो उसकी सूचना खुद ग्रामीण पुलिस को देंगे और उसको गिरफ्तार कराएंगे।

# नाबालिग लड़की का लेपर्ड ने हाथ चबाया, मौत



**उदयपुर।** जिले में 10 दिन में हुए लेपर्ड के एक और हमले में एक नाबालिग लड़की की मौत हो गई। लेपर्ड लड़की को घसीटते हुए जंगल में ले गया और उसका हाथ चबा गया। नाबालिग के मुंह, पीठ और छाती को भी लेपर्ड ने बुरी तरह नोंच डाला। लड़की का शव घने जंगल के करीब 4 किलोमीटर अंदर मिला है। मामला गोगुंदा थाना क्षेत्र के उंडीथल गांव में गुरुवार सुबह का है। लड़की की तलाश बुधवार से ही की जा रही थी। गोगुंदा थानाधिकारी शैतान सिंह नाथावत ने बताया कि बुधवार दोपहर 12.30 बजे कमला (16) पुत्री अंबालाल कपाया उंडीथल गांव के जंगल में बकरियां चराने गई थी। देर रात तक वह वापस घर नहीं लौटी तो परिजनों को चिंता होने लगी। उन्होंने ग्रामीणों की मदद से देर रात तक बच्ची को तलाशने की कोशिश की। लेकिन, कोई पता नहीं लग पाया। सुबह परिजन और ग्रामीण जंगल की तरफ तलाश करने पहुंचे तो घटना का पता लगा।

### नीट में 15 फीसदी कोटा काउंसलिंग के तहत दूसरे राउंड का सीट अलॉटमेंट जारी

# जनरल को 5,807 रैंक पर एम्स, 22,995 रैंक पर एमबीबीएस सीट

**बेधड़क** | कोटा

नीट यूजी के परिणाम के आधार पर मेडिकल काउंसलिंग कमिटी की ऑल इंडिया 15 फीसदी कोटा काउंसलिंग के तहत दूसरे राउंड का सीट अलॉटमेंट परिणाम जारी कर दिया गया। मेडिकल काउंसलिंग कमिटी (MCC) ने जारी किए गए परिणामों के अनुसार जनरल कैटेगरी में दूसरे राउंड में क्लोजिंग रैंक नीट यूजी की ऑल इंडिया 22,995 रही है।

निजी कोचिंग संस्थान के करियर काउंसलिंग एक्सपर्ट पारिजात मिश्रा ने बताया कि क्लोजिंग रैंक वाले कैंडिडेट को नागालैंड इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस एंड रिसर्च (nimsr) फ्रेइबेगी कोहिमा मिला है, जबकि एम्स में प्रवेश 5,807 रैंक पर भी मिला है। इसमें तमिलनाडु का मदुरई एम्स मिला। एमसीसी यूजी काउंसलिंग 2024 के तृतीय राउंड के लिए काउंसलिंग रजिस्ट्रेशन 3 से 8 अक्टूबर तक चलेगा। ऑल इंडिया 15 फीसदी कोटा काउंसलिंग में दूसरे राउंड की क्लोजिंग रैंक में जनरल की 22995, ईडब्ल्यूएस की 26720, ओबीसी की 23358, एससी की 125103 और एसटी की 155826 है।

#### ऑल इंडिया 15 फीसदी क्लोजिंग रैंक

| कैटेगिरी | NEET UG RANK |
|---|---|
| जनरल | 22,995 |
| ईडब्ल्यूएस | 26,720 |
| ओबीसी | 23,358 |
| एससी | 1,25,103 |
| एसटी | 1,55,826 |

#### एम्स में कैटेगरी की क्लोजिंग रैंक

| कैटेगिरी | NEET UG RANK |
|---|---|
| जनरल | 5,807 |
| ईडब्ल्यूएस | 9,200 |
| ओबीसी | 7,280 |
| एससी | 40,973 |
| एसटी | 72,945 |

#### बीएससी नर्सिंग कोर्सेज की क्लोजिंग रैंक

| कैटेगिरी | NEET UG RANK |
|---|---|
| जनरल | 1,11,379 |
| ईडब्ल्यूएस | 1,40,795 |
| ओबीसी | 1,19,757 |
| एससी | 2,53,897 |
| एसटी | 3,41,594 |



#### बीडीएस में 15 फीसदी की ऑल इंडिया कोटे में दूसरे राउंड में यह रही क्लोजिंग रैंक

| कैटेगिरी | NEET UG RANK |
|---|---|
| जनरल | 45,415 |
| ईडब्ल्यूएस | 59,859 |
| ओबीसी | 50,559 |
| एससी | 1,80,193 |
| एसटी | 2,50,035 |

## Yuva स्टोरीज

### जेएनयू के चांसलर डॉ. संदीप बख्शी की सीएम भजनलाल शर्मा से मुलाकात

## मुख्यमंत्री की जापान एवं कोरिया यात्रा से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मिलेगा लाभ



**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. संदीप बक्शी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से उनकी जापान एवं कोरिया की यात्रा से लौटने पर उनसे मुलाकात की और मुख्यमंत्री की पहल की सराहना की।

साथ ही कहा कि इस प्रकार के अन्तर्राष्ट्रीय निवेश के परिणामस्वरूप प्रदेश को विभिन्न क्षेत्रो में लाभ मिलेगा और उनके नेतृत्व में इस प्रकार के वैश्विक निवेश को आकर्षित कर राजस्थान आने वाले समय में अन्य प्रदेशों के लिए उदाहरण बनेगा। डॉ. संदीप बक्शी ने मुख्यमंत्री को प्रदेश के विकास में निवेश करने एवं जेएनयू द्वारा पूर्ण सहयोग करने का विश्वास दिया। जयपुर नेशनल युनिवर्सिटी सदैव जन कल्याण के लिए समर्पित संस्थान है। राजस्थान पर्यटन, शिक्षा एवं चिकित्सा क्षेत्र में निरन्तर नये आयाम स्थापित कर रहा है और इस दिशा में सरकार और उधमी दोनों के सांझा प्रयासों से वैश्विक पहचान बनाई जा सकती है। राजस्थान की अर्थव्यवस्था को बढ़ाने और राजस्थान के लोगों के लिए रोजगार की संभावनाओं में सुधार लाने के लिए निवेश की आवश्यकता पर जोर देते हुए उन्होंने राज्य के लोगों को चिकित्सा, शिक्षा और उपचार सहित सर्वोत्तम उच्च शिक्षा प्रदान करने के लिए जेएनयू की प्रतिबद्धता दोहराई।

## प्रदेश का पहला हैप्पीनेस सेंटर आईआईएस यूनिवर्सिटी में



**बेधड़क** | नई दिल्ली

आईआईएस (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) और रेखी फाउंडेशन ऑफ हैप्पीनेस ने एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इसके तहत् 'रेखी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर द साइंस ऑफ हैप्पीनेस' की स्थापना की जाएगी।

यह राजस्थान में अपनी तरह का पहला केंद्र होगा, जो आईआईएस यूनिवर्सिटी में स्थापित किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य हैप्पीनेस के क्षेत्र में परिवर्तनकारी शिक्षा को बढ़ावा देना है। रेखी फाउंडेशन ऑफ हैप्पीनेस के विशेषज्ञ वक्ता डॉ. सतेंद्र सिंह रेखी ने छात्रों के साथ 'हैप्पीनेस – ए मिस्टीरियस इमोशन' विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। इस सत्र में इस बात पर ध्यान केंद्रित किया गया कि कैसे हमारा 'मंकी ब्रेन' अक्सर हमें डर, अत्यधिक चिंतन- मनन की प्रवृत्ति और खुशी की लगातार तलाश के कारण दुखी कर देता है। विशेषज्ञ वक्ता ने कहानियों और व्यक्तिगत जीवन के अनुभवों के माध्यम से किस प्रकार खुश रहा जा सकता है के प्रति जागरूकता बढ़ाई और यह भी बताया कि कैसे अत्यधिक चिंतन-मनन की प्रकृति को रोककर और वर्तमान में जीकर हम दुख से छुटकारा पा सकते हैं।

## एम्स नर्सिंग ऑफिसर प्रीलिम्स का रिजल्ट जारी

**नई दिल्ली**। ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (एम्स) नई दिल्ली ने नर्सिंग ऑफिसर भर्ती कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट (NORCET-7) के स्टेज-1 का रिजल्ट जारी कर दिया गया है। इस परीक्षा को पास करने वाले कैंडिडेट को मेंस परीक्षा देनी होगी। एनओआरसीईटी प्रीलिम्स (स्टेज 1) एग्जाम कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट(सीबीटी) 15 सितंबर को आयोजित किया गया था। स्टेज-1 में सफल अभ्यर्थियों का चयन मेन्स एग्जाम (स्टेज 2) के लिए होगा। एनओआरसीईटी की मेन्स परीक्षा 4 अक्टूबर को कराई जाएगी।

### स्वच्छता पखवाड़ा: कानोड़िया कॉलेज प्रशासन ने लिया निर्णय

# कानोड़िया और बिसलेरी इंडिया के बीच एमओयू

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी की कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों एव आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) के संयुक्त तत्वावधान में स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत नगर निगम जयपुर की पहल पर बिसलेरी बॉटल्स फॉर चेंज कार्यक्रम "बदलो अपनी आदत, बचाओ पर्यावरण'' का आयोजन गुरुवार को किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम, जयपुर की उपायुक्त अर्शदीप बरार रहीं। अन्य अतिथियों में बाइजू कुरियन, उत्तर क्षेत्र प्रमुख, कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर), बिसलेरी इंटरनेशनल एवं डॉ गोविंद शरण शर्मा, जयपुर जिला समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना रहे। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्लास्टिक के पुनर्चक्रण के महत्व को बढ़ावा देना और पर्यावरण संरक्षण में युवाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करना था। महाविद्यालय प्राचार्य, डॉ. सीमा अग्रवाल ने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया तथा अपने उद्बोधन में इस कार्यक्रम को नवोन्मेषी बताया तथा 3आर (रिड्यूस, रीसाइकल, रीयूज़) की अवधारणा पर बल दिया। उन्होंने छात्राओं को स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत प्रेरित करते हुए इस विषय पर विचार साझा किए।

कार्यक्रम में बिसलेरी इंडिया के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। जिसका उद्देश्य महाविद्यालय में प्लास्टिक कलेक्शन सेंटर की स्थापना करना है। इस पहल के माध्यम से प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने और जागरूकता फैलाने का प्रयास किया जाएगा।



#### छोटे-छोटे बदलाव ही ले जाते हैं बड़े परिवर्तन की ओर

मुख्य अतिथि जयपुर की उपायुक्त अर्शदीप बरार ने कहा कि छोटे-छोटे बदलाव बड़े परिवर्तन की ओर ले जाते हैं। नगर निगम द्वारा जयपुर को स्मार्ट शहर बनाने के लिए सतत् प्रयास किये जा रहे हैं, साथ ही जयपुर शहर के नागरिकों को भी अपनी ज़िम्मेदारी निभाना ज़रूरी है। बाइजू कुरियन द्वारा कार्यक्रम में प्लास्टिक रिसाइकलिंग, प्लास्टिक संग्रहण प्रक्रिया, संग्रहित प्लास्टिक का वर्गीकरण, रिसाइकल्ड प्लास्टिक से बनाए जाने वाले उत्पाद जैसे प्लास्टिक बैग, प्लास्टिक बोतल, प्लास्टिक फाइबर, प्लास्टिक पाइप, प्लास्टिक टॉयज एवं प्लास्टिक प्रबंधन के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की आईक्यूएसी कॉर्डिनेटर डॉ. सारिका कौल, उप-प्राचार्य (अकादमिक) डॉ. रंजना अग्रवाल, प्राध्यापिकाएं एवं लगभग 300 छात्राएं उपस्थित रहीं। मंच संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन राष्ट्रीय सेवा योजना, कार्यक्रम अधिकारी, डॉ. आंचल पुरी द्वारा किया गया।

### आग से बचाव के उपाय और तकनीक व समाधान बताए

कानोड़िया पी.जी. महिला महाविद्यालय की एनएसएस ईकाई और फायर एंड सिक्योरिटी एसोसिएशन ऑफ इंडिया जयपुर चैप्टर द्वारा आयोजित "इमारतों में आग और जीवन सुरक्षा चुनौतियां" विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सत्र के मुख्य वक्ता राजेश शिर्के (एफएसएआई राष्ट्रीय अध्यक्ष-युवा विकास) जाने-माने सुरक्षा विशेषज्ञ रहे। कार्यक्रम में अन्य अतिथि एसएमएस मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल जयपुर में प्लास्टिक सर्जरी एवं बर्न विभाग की पूर्व विभागाध्यक्ष तथा एसोसिएशन ऑफ प्लास्टिक सर्जन्स ऑफ इंडिया की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मालती गुप्ता, अन्कुर गुप्ता (एफएसएआई जयपुर चैप्टर के अध्यक्ष), सुदीप पाण्डेय (एफएसएआई जयपुर चैप्टर के सचिव), वर्षा गुप्ता (एफएसएआई राष्ट्रीय उपाध्यक्ष-सुरक्षित नारी पहल) रहे। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय निदेशक डॉ. रश्मि चतुर्वेदी एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल द्वारा अतिथियों के स्वागत से की गई। कार्यक्रम के दौरान जागरूकता के लिए पानी और आग पोस्टर एवं द्विभाषी पुस्तिका का विमोचन डॉ. मालती गुप्ता, महाविद्यालय निदेशक डॉ. रश्मि चतुर्वेदी, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल एवं महाविद्यालय उप-प्राचार्य डॉ. रंजना अग्रवाल अग्रवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान निदेशक डॉ. रश्मि चतुर्वेदी ने स्वयंसेविकाओं को लगातार सीखते रहने व सेवा का



गुण आत्मसात के लिये प्रेरित किया। एक आकर्षक विडियो द्वारा डॉ. मालती गुप्ता ने आग से बचाव के सामान्य उपाय बताये। राजेश शिर्के एनएफपीए और एनएससी से प्रमाणित सुरक्षा विशेषज्ञ हैं। उन्होंने हाईराइज बिल्डिंग्स में आग की संभावना और इसके कारण आग सुरक्षा उपायों की आवश्यकता और महत्व, इमारतों में आग बुझाने के तरीके, तकनीक और समाधान के बारे में भी बताया, उन्होंने आग सुरक्षा ऑडिट और इवैक्यूएशन मॉक ड्रिल्स के महत्व पर भी जोर दिया। कार्यक्रम में लगभग 300 छात्राएं एवं प्राध्यापिकाएँ उपस्थित रही। सत्र में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आंचल पुरी, विजयलक्ष्मी गुप्ता, डॉ. रेणु शक्तावत एवं महिमा रामचंदानी की प्रमुख भूमिका रही।

### 27 व 28 सितंबर को आयोजित होगी परीक्षा

## सीईटी स्नातक स्तर परीक्षा के एडमिट कार्ड हुए जारी




**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में स्नातक स्तर की समान पात्रता परीक्षा (सीईटी) की तारीखों की घोषणा के बाद अब सीईटी परीक्षा के लिए सोमवार शाम को एडमिट कार्ड जारी कर दिए गए। आयोग के द्वारा बताया गया है कि एडमिट कार्ड ऑनलाइन माध्यम से की ऑफिशियल वेबसाइट और एसएसओ आईडी जारी किये गए हैं। एडमिट कार्ड के लिए गेट एडमिट कार्ड विकल्प पर डाउनलोड का विकल्प जारी किया जाएगा। यहां अपना अप्लिकेशन नंबर और जन्म तिथि डालनी होगी। राजस्थान कर्मचारी चयन आयोग की ओर से पहले ही परीक्षा की तारीख, पाली और परीक्षा के समय के बारे में जानकारी दी गई है। सीईटी परीक्षा 27 सितंबर और 28 सितंबर को आयोजित की जाएगी। सीईटी परीक्षा के जरिए 12 पद संवर्ग के लिए संयुक्त परीक्षा होगी। वहीं इस परीक्षा में डमी कैंडिडेट को पकड़ने के लिए विशेष रूप से व्यवस्था की गई है।

राजस्थान सीईटी परीक्षा में पूरे प्रदेश में 13 लाख उम्मीदवार हिस्सा लेंगे। ऐसे में हाल के कई परीक्षाओं में डमी कैंडिडेट का मामला सामने आने के बाद अब विशेष प्रक्रिया अपनाई जाएगी। जिससे डमी कैंडिडेट को आसानी से पकड़ा जा सकेगा। CET परीक्षा के आवेदन के दौरान ही उम्मीदवारों से लाइव फोटो और हैंड राइटिंग का नमूना लिया गया था। अब परीक्षा के दौरान फोटो और साइन को क्रॉस चेक किये जाने की व्यवस्था की गई है।

## शिक्षक भर्ती 2022 के चयनित अभ्यर्थियों को जिला आवंटित



**जयपुर**। निदेशक प्रारंभिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर के आदेश अनुसार शिक्षक भर्ती-2022 के चयनित अभ्यर्थियों को जिला आवंटित कर दिया गया है। निदेशालय द्वारा जारी आदेशानुसार राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड जयपुर द्वारा प्राथमिक विद्यालय अध्यापक सीधी भर्ती- 2022, अध्यापक लेवल प्रथम (कक्षा 1 से 5) सामान्य शिक्षा के पदों पर सीधी भर्ती के लिए अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों की सूची दिनाक 30 अगस्त को विभाग को उपलब्ध करवाई गई थी। जिसके आधार पर नियुक्ति हेतु अभ्यर्थियों को जिला आवंटन कर दिया गया है। जारी की गई सूची में कुल 411 अभ्यार्थियों को जिला आवंटन किया गया है। जिसमें से 184 मुख्य सूची जबकि 227 प्रतीक्षा सूची के सम्मिलित है। मुख्य सूची में गैर अनुसूचित क्षेत्र मे 154 अभ्यार्थियों को जिला आवंटन किया गया है। जबकि अनुसूचित क्षेत्र में 30 को जिला आवंटन किया गया है। इसी प्रकार प्रतीक्षा सूची में भी गैर अनुसूचित क्षेत्र मे 199 तथा अनुसूचित क्षेत्र में 28 को आवंटित किया गया है। शिक्षा मंत्री महोदय के निर्देशानुसार विद्यालय आवंटन के लिए काउंसलिंग का कार्यक्रम भी जारी कर दिया गया है।

### प्रतियोगिता | शिक्षा मंत्री ने खुले आकाश में गुब्बारे छोड़कर की उद्घाटन की घोषणा

# 68वीं राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज

**बेधड़क** | कोटा

शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने कोटा के महाराज उम्मेद सिंह स्टेडियम में 68वीं राज्य स्तरीय शतरंज एवं सॉफ्टबॉल प्रतियोगिताओं का रंगारंग उद्घाटन किया। शिक्षा मंत्री ने उद्घाटन की घोषणा करते हुए सतरंगी गुब्बारें आसमान में छोड़े और प्रतिभागी खिलाड़ियों की मार्च पास्ट की सलामी ली।

खिलाड़ियों द्वारा प्रस्तुत मार्च पास्ट में बच्चों की कदमताल देखने लायक थी। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए, जिसमें नन्हीं बालिकाओं ने मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने की प्रेरणा देते हुए शिक्षा मंत्री दिलावर ने कहा कि जीत हार तो खेल का परिणाम है परंतु जीत हार को लेकर मन मे कटुता ना लाए। खेल को खेल की भावना से ही खेलें। खतरों से खेलने वाले खिलाड़ी कहलाते है। मैं अपेक्षा करता हूं की खेलते खेलते इतनी शक्ति अर्जित करे की जीवन में आगे आने वाले खतरों को आप आसानी से पार कर लें। खिलाड़ी सामान्य व्यक्ति नहीं होता। उसमे आगे बढ़ने की ललक होती है। वो देश की मिट्टी में खेलते-खेलते सफलता के शिकार को चूमता है। आप भी खेल भावना से खेलते हुए बिना किसी संकुचित भाव के स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के साथ खेले।





#### 24 सितंबर तक चलेगी प्रतियोगिता

मंत्री दिलावर ने पॉलिथीन और डिस्पोजल आइटम का उपयोग नहीं करने की भी खिलाड़ियों को शपथ दिलाई। प्रतियोगिताएं 19 से 24 सितंबर तक चलेंगी। शतरंज मे 17 वर्ष और 19 वर्ष दो वर्ग मे आयोजित हो रही है। सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता मे 14 वर्ष के छात्र एवं छात्राएं खेलेंगे। दोनो प्रतियोगिता मे प्रदेश के 50 जिलों के 3000 प्रतियोगी भाग ले रहे है।

# दिनों-दिन बढ़ रहा है मंकीपाक्स का खतरा



ज्ञानेन्द्र रावत
वरिष्ठ पत्रकार व पर्यावरणविद्

आज समूची दुनिया के लिए मंकीपाक्स कहें या एमपाक्स कहें, चिंता का विषय बन गया है। मंकीपाक्स वायरस के कारण होने वाली यह बीमारी बड़ी तादाद में लोगों को अपनी चपेट में ले रही है। दरअसल यह एक वायरल संक्रमण है जो मंकीपाक्स वायरस के कारण होता है। मंकीपाक्स वायरस असलियत में पाक्स वायरस का हिस्सा है जो एक प्रकार के वायरस से संबंधित है।

संक्रमित व्यक्ति के साथ संपर्क में आने वाले लोगों को यह अपनी चपेट में ले लेता है। यह एक दूसरे को छूने, यौन संबंध बनाने, नजदीक रहकर बात करने और सांस लेने से भी फैलता है। इसके अलावा यह जानवरों के साथ संपर्क होने जैसेकि बंदरों या फिर दूसरे जानवरों के साथ संपर्क से और दूषित मांस खाने से फैलता है। लेकिन कभी-कभी पर्यावरण के चलते भी यह बीमारी लोगों तक फैल जाती है। सिर में दर्द होना, बुखार आना, ग्रंथियों में सूजन आ जाना और सारे शरीर में दर्द इसके प्रमुख लक्षण हैं। इससे 2 से 4 हफ्ते तक शरीर में चकत्ते, शरीर में कहीं-कहीं दाने पड़ने, फफोले बनने, घाव या छाले भी हो सकते हैं। अभी तक प्राप्त आंकड़ों के अनुसार एमपाक्स से पीड़ित 0.1 फीसदी से 10 फीसदी के करीब लोगों की मौत हो चुकी है। इस सबके बावजूद भी यह कम खतरनाक नहीं है। इसकी विकरालता का सबूत यह है कि डब्लयूएचओ ने बीते दिनों ही इस बीमारी की स्थिति को देखते हुए फिर से वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया है।

गौरतलब यह है कि इससे पहले 2022 में भी डब्लयूएचओ द्वारा एमपाक्स को वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया था। उस समय इस वायरस ने 100 से अधिक देशों में अपना कहर बरपाया था और 200 से ज्यादा लोगों को अपनी जान गंवानी पडी थी। यह भी कि अभीतक इससे 21,300 से अधिक लोग इसके शिकार हुए हैं और 590 लोग मौत के मुंह में चले गए हैं।



> पाकिस्तान एशिया का पहला देश था जहां एमपाक्स के वायरस ने दस्तक दी है। लेकिन अब फिलीपींस में भी इस रोग ने दस्तक दे दी है। वहां तीन नए मामले आने से फिलीपीनी सरकार ने विशेष सतर्कता बरतने के आदेश दे दिए हैं।

इस बीमारी का क्लेड 1 बी वायरस सबसे ज्यादा खतरनाक है।

इस बीमारी ने अभी तक 13 अफ्रीकी देशों में अपने पैर पसारे हैं जहां 21 हजार से ज्यादा पुष्ट मामले दर्ज किए गए हैं लेकिन अब इस बीमारी ने अफ्रीकी महाद्वीपीय क्षेत्र से बाहर जाकर यूरोपीय देश स्वीडन में भी घुसपैठ कर ली है। स्वीडन की सार्वजनिक स्वास्थ्य एजेंसी ने कहा है कि स्टॉकहोम में इलाज कराने आए एक व्यक्ति में क्लेड कवैरिएंट के कारण एमपाक्स होने का खुलासा हुआ है। सभी मामलों में और मौतों के मामले में 96 फीसदी से ज्यादा कांगो में हैं। यह बीते वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 160 फीसदी और मौतों की तादाद 19 फीसदी अधिक हैं। यहां के 26 प्रांत इसकी चपेट में हैं। इसके बाद इस रोग के शिकार देशों में बुरुंडी का नाम आया है जहां बीते हफ्ते में इस रोग की चपेट में आने वालों की तादाद में 70 फीसदी का उछाल आया है। उसके बाद कीनिया, रवांडा और युगांडा जैसे देश हैं जहां इस बीमारी के शिकार लोगों की तादाद आएदिन बढ़ रही है। इसी बीच यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जाएद अल नाहयान ने मानवीय प्रयासों के तहत कांगो, नाइजीरिया, दक्षिण अफ्रीका, आईवरी कौस्ट और कैमरून के लिए तात्कालिक सहायता के रूप में एमपाक्स रोधी टीकों की एक खेप भेजी है।

डीआरसी और अफ्रीका के दूसरे देशों में एमपाक्स क्लेड के प्रकोप के अलावा, यह स्पष्ट है कि इन बढ़ते प्रकोपों को रोकने और जीवन बचाने के लिए एक समन्वित अंतरराष्ट्रीय अभियान की जरूरत है। कारण अब इस रोग ने पाकिस्तान में भी घुसपैठ कर ली है। अभी तक पाकिस्तान में पांच लोगों के वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुयी है। इससे वहां हड़कंप मच गया है। पाकिस्तानी अधिकारियों के अनुसार कराची में एक हवाई यात्री में इस रोग की पुष्टि हुयी है और पेशावर में भी एक संदिग्ध मिला है। पाकिस्तान एशिया का पहला देश था जहां एमपाक्स के वायरस ने दस्तक दी है। लेकिन अब फिलीपिंस में भी इस रोग ने दस्तक दे दी है। वहां तीन नए मामले आने से फिलीपीनी सरकार ने विशेष सतर्कता बरतने के आदेश दे दिए हैं। फिलीपींस में अबरक मंकीपाक्स के आठ और 2022 से अब तक कुल 22 रोगी हो गए हैं। फिलीपिंस के डीओएच के प्रवक्ता अलबर्टा डोमिगो की मानें तो हम उन लोगों की सघनता से पहचान कर रहे हैं जो इन रोगियों के संपर्क में आए हैं। मैट्रो मनीला में इस रोग के संक्रमण की अधिक संभावना है क्योंकि यहीं पर संदिग्धों में अधिकाधिक लक्षण पाए गए हैं। एमपाक्स वायरस का पाकिस्तान और फिलीपींस तक आ जाना हमारे देश के लिए खतरे का संकेत है। अब तो देश में भी इस बीमारी से संक्रमित एक रोगी के पाए जाने की सूचना है। देखा जाए तो अधिकांश मामले में दवा से इसके लक्षण ठीक हो जाते हैं लेकिन बीमारी गंभीर हो सकती है, इस संभावना को नकारा नहीं जा सकता। कुछ मामलों में यह जानलेवा हो भी हो सकती है। खासकर कमजोर लोगों के लिए, उसमें भी नवजात शिशु और गर्भवती महिलाओं को इससे बचाने की बहुत जरूरत है क्योंकि उनको इससे ज्यादा खतरा हो सकता है। इसलिए सरकार के भरोसे न रहकर हम अपना बचाव खुद करें। बचाव ही इससे खुद को बचाने का सबसे कारगर रास्ता है। इसमें कोई दो राय नहीं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## रामनाथ कोविंद की सिफारिशों पर मोदी सरकार की मुहर

# 'वन नेशन वन इलेक्शन' की ओर बढ़ते कदम



अरविंद जयतिलक
स्वतंत्र टिप्पणीकार

केंद्र की मोदी सरकार ने देश में एक साथ चुनाव कराने के लिए गठित रामनाथ कोविंद की सिफारिशों पर अपनी मुहर लगा दी है। उल्लेखनीय है कि देश के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में 'एक देश एक चुनाव' की संभावना तलाशने के लिए एक हाई लेवल कमेटी का गठन किया गया था। इस कमेटी में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी, गुलाम नबी आजाद, फाइनेंस कमीशन के पूर्व चेयरमैन एन के सिंह, संविधानविद् सुभाष कश्यप, देश के जाने-माने एडवोकेट हरीश शाल्वे और संजय कोठारी समेत कुल सात सदस्य शामिल थे।

हालांकि अधीर रंजन चौधरी ने गृहमंत्री को पत्र लिखकर इस कमेटी में शामिल होने से इंकार कर दिया था। इस कमेटी का काम यह जानना था कि देश में एक साथ चुनाव कराए जाने में कितना वक्त लगेगा और कितने चरण में संपन्न हो सकता है। इसके अलावा इस कमेटी से यह भी पूछा गया था कि एक साथ चुनाव कराने के लिए किस तरह का सुरक्षा प्रबंध, कितना ईवीएम और कितना मैनपॉवर होना चाहिए। कमेटी की रिपोर्ट स्वीकारने के बाद अब सरकार का कहना है कि वह इस मसले पर आम सहमति बनाने की कोशिश के साथ शीतकालीन सत्र में विधेयक लाएगी। गौरतलब है कि कोविंद समिति ने सरकार को सौंपी अपनी रिपोर्ट में कुल 18 संवैधानिक संशोधनों की सिफारिश के साथ ढ़ेर सारे सुझाव दिए हैं। अब सरकार के लिए इसे अमलीजामा पहनाना इसलिए बड़ी चुनौती है कि विधेयक को लोकसभा से पारित कराने के लिए कम से कम 362 और राज्यसभा में 163 सांसदों का समर्थन चाहिए। इसके अलावा कम से कम 15 राज्यों की विधानसभा से भी पारित होना आवश्यक होगा। देखना दिलचस्प होगा कि सरकार इस कठिन अग्निपरीक्षा को कैसे पार करती है।

> अब अगर 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' फलीभूत होता है तो निःसंदेह देश का फायदा होगा। धन के अपव्यय से बचा जा सकेगा। वैसे भी इस मसले पर चुनाव आयोग, नीति आयोग और विधि आयोग अपना-अपना दृष्टिकोण प्रकट कर चुके हैं। 1999 में विधि आयोग ने अपनी रिपोर्ट में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के सुझाव के साथ-साथ सख्त कानूनी ढांचे की सिफारिश की थी

फिलहाल इस मसले पर सियासी घमासान शुरु हो चुका है। जहां मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस और उसके सहयोगी दल एक देश एक चुनाव को अव्यवहारिक और गैर-जरुरी बता विरोध कर रहे हैं वहीं सरकार के सहयोगी दल इसके समर्थन में हैं। फिलहाल सरकार के तेवर को देखते हुए लग रहा है कि वह वर्ष 2029 में लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने के लिए मन बना चुकी है। गौर करें तो 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' का विचार कोई नया नहीं है। 1952 में प्रथम आमचुनाव से लेकर 1967 के चौथे आम चुनाव तक लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव साथ-साथ होते रहे। उसके बाद सत्तारूढ़ दलों की महत्वकांक्षा और अनुच्छेद 356 का दुरुपयोग ने चुनावी कैलेंडर की तस्वीर बदल दी।



अब अगर 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' फलीभूत होता है तो निःसंदेह देश का फायदा होगा। धन के अपव्यय से बचा जा सकेगा। वैसे भी इस मसले पर चुनाव आयोग, नीति आयोग और विधि आयोग अपना-अपना दृष्टिकोण प्रकट कर चुके हैं। 1999 में विधि आयोग ने अपनी रिपोर्ट में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के सुझाव के साथ-साथ सख्त कानूनी ढांचे की सिफारिश की थी। आयोग द्वारा भी गत वर्ष की गयी मसौदा सिफारिशों में संविधान और जनप्रतिनिधित्व कानून में संशोधन की बात कही जा चुकी है ताकि एक साथ चुनाव सुनिश्चित हो सके। विधि आयोग ने सिफारिश की थी कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव दो चरणों में कराए जा सकते हैं, बशर्ते संविधान के कम से कम दो प्रावधानों में संशोधन किए जाएं और बहुमत से राज्यों द्वारा उनका अनुमोदन किया जाए। विधि आयोग के अलावा 2015 में कानून और न्याय मामलों की संसदीय समिति ने भी 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की सिफारिश की थी। इन संस्थाओं के सुझावों के बाद ही सरकार इस दिशा में आगे बढ़ी है।

विचार करें तो एक साथ चुनाव होने के ढ़ेर सारे फायदे हैं। मसलन हर वर्ष पांच से ज्यादा राज्यों में चुनाव होते हैं जिसपर करोड़ों रुपए खर्च होते हैं। अगर पांच साल में एक बार चुनाव होगा तो करोड़ों रुपए की बचत होगी और उस धन का उपयोग गरीबी, भूखमरी और कुपोषण से लड़ने में हो सकता है। इसके अलावा कम अवधि के लिए आचार संहिता लागू होगी जिससे सामान्य सरकारी कामकाज में भी अवरोध उत्पन नहीं होगा। लोकसभा और विधानसभा का चुनाव साथ होने से काले धन के प्रवाह पर भी रोक लगेगी। यह सच्चाई है कि चुनावों में काला धन का जमकर उपयोग होता है जिससे नतीजे भी प्रभावित होते हैं। चुनाव आयोग द्वारा हर चुनाव में हजारों करोड़ रुपए काला धन जब्त किया जाता है। दूसरी ओर एक साथ चुनाव होने से शिक्षा क्षेत्र का कामकाज प्रभावित होने से बचेगा। चुनाव में बड़े पैमाने पर शिक्षकों की ड्यूटी लगती है और पठन-पाठन बाधित होता है। बार-बार चुनाव होने से आम जीवन भी प्रभावित होता है।। याद होगा गत वर्ष 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के मसले पर जब प्रधानमंत्री ने बैठक बुलायी तो किस तरह कुछ राजनीतिक दलों ने बैठक का बहिष्कार कर दिया था।

दरअसल इस बहिष्कार के पीछे उनका मकसद यह साबित करना था कि 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' असंवैधानिक और संघीय व्यवस्था के खिलाफ है और सरकार इसके जरिए अपना राजनीतिक हित साधना चाहती है। यह आरोप ठीक नहीं है। विमर्श से पहले ही इस नतीजे पर पहुंच जाना कि एक साथ चुनाव देश हित में नहीं है लोकतंत्र की भावना के विरुद्ध है। इन राजनीतिक दलों की नजर में एक साथ चुनाव होने से कई तरह की समस्याएं उत्पन होंगी। मसलन चुनाव जीतने के लिए बड़े राजनीतिक दल भारी पैमाने पर संसाधनों का इस्तेमाल करेंगे जबकि क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के लिए उनका मुकाबला कठिन होगा। यानी बड़े राजनीतिक दल छोटे राजनीतिक दलों को चुनाव में हरा देंगे। यानी यों कहें तो उनका सोचना है कि एक साथ चुनाव होगा तो मतदाता केंद्र एवं राज्य में एक ही दल को बहुमत देगा। लेकिन यह चिंता निर्मूल है।

उदाहरण के लिए 2014 और 2019 में लोकसभा चुनाव के साथ-साथ कई राज्यों की विधानसभाओं के भी चुनाव हुए लेकिन नतीजे अलग-अलग रहे। क्या यह रेखांकित नहीं करता है कि देश का मतदाता परिपक्व हो चुका है? कुछ क्षेत्रीय दलों का तर्क यह भी है कि चुनावों के दौरान देश के बड़े राजनीतिक दल राष्ट्रीय स्तर के मुद्दों को उछालेंगे जिसमें क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के मुद्दे गौण पड़ जाएंगे। यानी देश की जनता क्षेत्रीय मुद्दों के बजाए राष्ट्रीय मुद्दों को तवज्जों देगी और उसका नुकसान क्षेत्रीय दलों का उठाना होगा। उनकी आशंका है कि एक साथ चुनाव होने से चुनाव का स्वरुप व्यक्ति केंद्रीत हो जाएगा और राष्ट्रीय दल प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित कर चुनाव में बढ़त बना लेंगे। यानी देश की जनता जिस व्यक्ति को प्रधानमंत्री बनाएगी उसी दल का राज्यों में भी दबदबा होगा। उन्हें यह भी आशंका है कि एक साथ चुनाव होने से परिणाम देर में आएंगे और सत्तारुढ़ दल उसमें हेरा-फेरी करा सकता है। गौर करें तो क्षेत्रीय दलों की आशंका ठीक वैसा ही है जैसा कि वे ईवीएम को लेकर छाती पीटते रहे हैं। संभवतः 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' का विरोध करने वाले राजनीतिक दलों का देश की जनता पर भरोसा कम और अपने कपोलकल्पित आशंकाओं पर ज्यादा हैं। सच कहें तो इस तरह की नकारात्मक प्रवृत्ति देशहित के खिलाफ है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# चुनाव... सदाबहार फसल!



व्यंग्यकार
सुरेश रायकवार

वृक्ष दो प्रकार के होते हैं प्रथम जो पतझड़ वाले होते हैं अर्थात जिनकी पत्तियां शरद ऋतु आने पर झड़ जाती है और बसंत ऋतु में फिर नई पत्तियां आती हैं। दूसरे प्रकार के वृक्ष चिरहरित, बारहमासी, सदा हरे-भरे रहने वाले या सदाबहार वृक्ष होते है जिनकी पत्तियां झड़ती रहती है और साथ ही नई भी आती रहती है। अपने देश में सदाबहार शब्द का उपयोग समान्यतः फिल्मी हीरो और फिल्मी गानों के लिए ही अधिक होता है। किन्तु अब देश के चुनाव को भी सदाबहार की श्रेणी में रखा जाना चाहिए क्योंकि वर्ष के बारहों महीने तीन सौ पैंसठ दिन हमारे यहां कोई ना कोई चुनाव चलता ही रहता है। लोकसभा चुनाव के बाद राज्यों के विधान सभा चुनाव फिर नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत एवं पंचायतों, जिला पंचायतों के चुनाव। कभी पंचायत समितियों के चुनाव, कभी सहकारी बैंकों के चुनाव। कहीं विद्यालयों में तो कहीं महाविद्यालय और विश्व विद्यालयों में चुनाव।

देश में कुछ राजनैतिक पार्टियां और कुछ राजनैतिक परिवार ऐसे भी हैं जो वटवृक्ष की तरह सदाबहार वृक्षों की श्रेणी में आते हैं। चुनाव का स्थान, मौसम कोई भी हो उनका झण्डा-डंडा हर जगह दिखाई देगा। चुनाव की घोषणा होते ही पतझड़ के ऋतुकाल में जैसे पेड़ों से पत्तियां झड़ती है वैसे ही कुछ राजनैतिक पार्टियों में भी पतझड़ का मौसम आ जाता है। राजनैतिक पार्टियों की कुछ प्रजातियां क्षेत्रीय वनस्पति की तरह होती हैं जो किसी क्षेत्र विशेष में ही पनपती हैं। जैसे इन वनस्पतियों को केवल उस क्षेत्र विशेष की जलवायु ही अनुकूल होती है वैसे ही ये पार्टियां भी होती हैं, अन्य क्षेत्रों में ये पनप नहीं पाती है या मुरझा जाती हैं। चुनावों को आप आलू-प्याज की फसल की तरह भी देख सकते हैं, खासकर नेताओं के लिए या झंडे-डंडे वाले, लाउडस्पीकर वाले, पोस्टर वाले, विज्ञापन वाले, टीवी वाले, सभाओं में भीड़ दिखाने के लिए किराए पर जाने वाले मजदूर आदि के लिए जिन्हें इन चुनावों की फसलों से बारहों महीने का रोजगार मिल जाता है और सरकारें तो इन्हें भी रोजगार के आंकड़े देते समय जोड़कर ही बताती है। ये बात अलग है कि कभी-कभी प्याज भी चुनाव में निर्णायक भूमिका निभाकर सत्तापक्ष के आंसू निकलवा देता है और आजकल तो आलू की चर्चा भी हर दल का नेता अपने-अपने हिसाब से कर रहा है। जैसे एक किसान फसल लगाने से पहले खेत में हल-बक्खर चलाकर जोतता है व निंदई-गुढ़ई करके अपने खेत को फसल बोवनी के लिए तैयार करता है ठीक वैसे ही हमारे देश का चुनाव आयोग तथा नेतागण अपने अपने हिसाब से चुनाव करवाने की जमीन तैयार करते है। चुनाव आयोग पोलिंग बूथ निर्धारण, पुलिस और सुरक्षा बलों की व्यवस्था, ईवीएम मशीनों की व्यवस्था आदि करता है तथा इन व्यवस्थाओं के बाद ही चुनाव अधिसूचना जारी करता है अर्थात चुनाव की बोवनी हो जाती है। इसी प्रकार नेतागण भी अपनी जमीन तैयार करने के अंतर्गत पार्टी और बीज रूपी वादों का चयन एवं खाद के रूप में नारों आदि की तैयारी करते है।

वैसे लागत के मान से चुनावों की ये फसलें बहुत मंहगी हैं। देश के लिए वर्ष 2019 के आंकड़ों के अनुसार 6500 करोड़ रुपए तो केवल आम चुनाव पर खर्च हुए थे। चुनावों की सदाबहार-फसल के उत्पादन के रूप में हमारे देश को कुल 543 सांसद, 245 राज्यसभा सदस्य, 31 विधान-सभाओं के लिए 4153 विधायक तथा हजारों पार्षद, महापौर, पंच, सरपंच आदि लोकसभा, राज्यसभा सहित अलग-अलग सदन के लिए मिलते हैं। जैसे एक समझदार कृषक अपने खेतों में फसल को खर-पतवार और कीटों से सुरक्षित रखता है ताकि फसल उत्पादन प्रभावित ना हो, वैसे ही मतदाता-रूपी किसान को भी सावधान रहना होगा और चुनावों की फसल में भ्रष्टाचारियों, बाहुबलियों या अवसरवादियों रूपी खर-पतवार और कीटों का समय रहते इलाज करना होगा अन्यथा बाद में पछताने से कुछ नहीं मिलेगा।

## नॉलेज कॉर्नर: चीनी फेंगशुई में बुदाई को दी गई है खास मान्यता

# सुख-समृद्धि का प्रतीक 'लाफिंग बुद्धा'

धन के देवता कुबेर से लगभग प्रत्येक व्यक्ति परिचित है। जिस तरह हिंदू धर्म में कुबेर देवता को सुख-समृद्धि और धन के खजाने के रूप में पूजा जाता है, ठीक उसी तरह चीन में लॉफिंग बुद्धा को माना जाता है। लॉफिंग बुद्धा जो कि सदैव मुस्कुराते रहते हैं, जिन्हें देखकर लगता है मानों यह हर व्यक्ति से व्यर्थ चिंता को छोड़ आगे बढ़ने की नसीहत दे रहे हैं। दरअसल जिस प्रकार भारतीय संस्कृति में वास्तुशास्त्र को तवज्जों दी जाती है, उसी प्रकार चीन में फेंगशुई के अनुसार ही कार्य किए जाते हैं। लॉफिंग बुद्धा भी इसी फेंगशुई का हिस्सा है। चीन के लोग इनकी देवता के रूप में पूजा करते हैं। ऐसा माना जाता है कि घर में इनकी मूर्ति रखने से नकारात्मकता दूर होती है तथा सुख-समृद्धि का प्रवेश होता है। एक बड़े उदर के साथ मुस्कुराती हुई मूर्ति किसी भी चिंतित व्यक्ति को चिंतामुक्त कर सकती है। इसलिए भारत में भी अपने घरों और दुकानों पर लोग यह मूर्ति रखने लगे हैं।

### चीनी भिक्षु थे लाफिंग बुद्धा

लाफिंग बुद्धा एक चीनी भिक्षु थे, जिन्हें बुदाई नाम से जानते थे। बुदाई प्राचीन चीनी भिक्षु क्यूसी को दिया गया एक उपनाम है, जिन्हें चान बौद्ध धर्म में मैत्रेय बुद्ध के रूप में जाना गया। बुदाई नाम का शाब्दिक अर्थ 'कपड़े की बोरी' होता है। लाफिंग बुद्धा हंसमुख स्वभाव के थे, उनका यही स्वभाव उन्हें बाकी सभी से अलग करता है। जिस तरह उनकी मूर्ति को एक बैग के साथ संदर्भित किया गया, उससे मालूम होता है कि वे लक्ष्यहीन रूप से घूमते नजर आते हैं। अधिकांश



बौद्ध गुरुओं से अलग होने तथा सदा मुस्कुराते रहने के कारण बाद में उनका नाम लाफिंग बुद्धा रख दिया गया। बुदाई को परंपरागत रूप से बड़े पेट वाले उदर के साथ चित्रित किया गया है। जिसका संभवतः अर्थ प्रचुरता या क्षमा का प्रतीक है। बुदाई के बारे में चान बौद्ध भिक्षुओं की जीवनी 'द ट्रांसमिशन ऑफ द लैंप' में उल्लेख किया गया।

### लोगों को जीवन का पाठ पढ़ाते हैं

लाफिंग बुद्धा सभी को जीवन का खास पाठ पढ़ाते हैं। बुदाई की उत्पत्ति को लेकर कई प्रकार की स्थानीय किंवदंतियां मशहूर हैं। उन्हें परंपरागत रूप से साधारण वस्त्र पहने, कंधे पर एक मोटा थैला लिए, गंजे भिक्षु के रूप में दिखाया गया। किंवदंतियों की मानें तो वह अपनी संपत्ति का कुछ हिस्सा कपड़े की बोरी में रखते थे। जिससे पता चलता है कि वह गरीब हैं लेकिन पूर्णतया संतुष्ट हैं। अपने बड़े उदर को वह खुशी से थपथपाते दिखते थे, जो कि चीनी संस्कृति में संतुष्टि और प्रचुरता का प्रतिनिधित्व करता दिखाई देता है। वह लोगों के भाग्य और मौसम की सटीक भविष्यवाणी करने में सक्षम थे, इस कारण चीनी उनकी ओर आकर्षित हुए।

### बुदाई को लेकर किए गए दावे

*कहा जाता है कि 916 ईस्वी के आसपास चीनी भिक्षु बुदाई का लिखा गया नोट मिला। जिसमें दावा किया गया कि वह भविष्य के बुद्ध मैत्रेय का अवतार हैं। उनका लेपित शव आज भी ग्रेट हॉल के पूर्वी भाग में युएह-लिन मंदिर में संरक्षित है। 'द ट्रांसमिशन ऑफ द लैंप' में इसके बारे में भी लिखा गया है।*

कंटेंट: प्रताप सिंह नेगी



**भजनलाल शर्मा**, मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP

दृढ़ समर्पण, अटूट धैर्य और अटल संकल्पशक्ति को नमन! दौसा में 35 फीट गहरे गड्ढे में फंसी 2 वर्षीय मासूम नीरू को एनडीआरएफ व एसडीआरएफ द्वारा संचालित बचाव अभियान में सफलतापूर्वक सुरक्षित बाहर निकाला जाना अत्यंत हर्ष का समाचार है। चिकित्सकों को बच्ची के स्वास्थ्य की निगरानी और आवश्यक उपचार के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इस बचाव अभियान में असाधारण कौशल, समन्वय व संयम का परिचय देते हुए इसे सफल बनाने हेतु बचाव दल के सभी कर्मठ सदस्यों का हार्दिक अभिनंदन।

### प्रधानमंत्री ने कटरा में रैली को किया संबोधित, कांग्रेस, एनसी और पीडीपी पर किया जमकर हमला

# पाकिस्तान के एजेंडे को जम्मू-कश्मीर में कभी लागू नहीं करने देंगे: मोदी

■ कुछ वोटों के लिए आस्था, संस्कृति को दांव पर लगा सकती है कांग्रेस

एजेंसी | जम्मू

जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के पहले चरण की वोटिंग बुधवार को खत्म हो गई। अब दूसरे और तीसरे चरण का मतदान होना है। दूसरे चरण में 25 सितंबर को 26 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। इसके लिए चुनाव प्रचार जोरों पर है। पीएम मोदी ने गुरूवार को जम्मू के कटरा में एक रैली को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कांग्रेस, एनसी और पीडीपी पर जमकर हमला किया। उन्होंने कहा कि दुनिया की कोई ताकत जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 की वापसी नहीं करा सकती। हम पाकिस्तान के एजेंडे को जम्मू-कश्मीर में लागू नहीं करने देंगे। पीएम ने कहा कि कांग्रेस तो कुछ वोटों के लिए आस्था और संस्कृति को कभी भी दांव पर लगा सकती है। इस शाही परिवार के वारिस ने हाल ही में विदेश में जाकर कहा कि हमारे देवी-देवता



भगवान नहीं हैं। क्या ये हमारे देवी-देवताओं का अपमान नहीं है? ये उनकी सोची-समझी चाल है और नक्सली सोच है। कांग्रेस पर इसी नक्सली सोच का कब्जा हो चुका है।

#### ‘इनका सूर्य आपको अस्त करना ही होगा’

- कांग्रेस, पीडीपी और नेशनल कांफ्रेंस के जिन तीन खानदानों ने इस क्षेत्र को सालों-साल घाव दिए, उनकी राजनीतिक विरासत का सूर्य आपको अस्त करना ही होगा। इसके लिए आपको कमल के निशान को चुनना होगा।
- कटरा में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि हम दिल और दिल्ली की दूरी मिटा रहे हैं। ये चुनाव, जम्मू-कश्मीर का भविष्य चुनने के लिए है। नए जम्मू कश्मीर को और बुलंद बनाने के लिए है।

#### पाकिस्तान ने खोल दी कांग्रेस-एनसी की पोल

पीएम ने कहा कि कांग्रेस को वोट बैंक के अलावा कुछ नहीं दिखता है। इन्होंने जम्मू और कश्मीर के बीच खाई को गहरा किया। जम्मू के साथ हमेशा भेदभाव हुआ। हमने जम्मू को विकास की नई धारा से जोड़ा है। इस दौरान पीएम ने पाकिस्तान के मंत्री ख्वाजा आसिफ के उस बयान का भी जिक्र किया, जिसमें उन्होंने कहा है कि हम अनुच्छेद-370 पर कांग्रेस गठबंधन के रुख से सहमत हैं।इसको लेकर पीएम ने कहा कि पाकिस्तान के डिफेंस मिनिस्टर ने कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस का खुलकर समर्थन किया है। उन्होंने कहा है कि 370 और 35A पर कांग्रेस और NC का एजेंडा वही है, जो पाकिस्तान का है।

#### शिवखोड़ी हमले का जिक्र

लोगों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कुछ समय पहले हुए आतंकी हमले का जिक्र किया। पीएम ने कहा कि माता के भक्तों पर कायराना हमला हुआ था। मैं विजय कुमार को नमन करता हूं, जिन्होंने शिवखोड़ी में श्रद्धालुओं को बचाने के लिए अपना जीवन दे दिया। ये जज्बा हमें प्रेरित करता है। अनुच्छेद-370 की दीवार टूटने के बाद से आतंक और अलगाववाद लगातार कमजोर पड़ रहा है। पीएम ने कहा कि जम्मू-कश्मीर शांति की ओर बढ़ चला है। जम्मू-कश्मीर आतंकवाद से मुक्त होकर रहेगा। पिछले साल 2 करोड़ से अधिक पर्यटक जम्मू-कश्मीर आए हैं।

### मनोहर लाल खट्टर के भतीजे ने थामा “कांग्रेस’ का दामन



**फरीदाबाद।** हरियाणा में कांग्रेस ने बीजेपी को बड़ा दिया है। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के भतीजे रमित खट्टर ने आज कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर ली। रोहतक के विधायक भारत भूषण बत्रा ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। इसे कांग्रेस अपनी जीत मानकर चल रही है। हरियाणा यूथ कांग्रेस ने एक्स पर लिखा, “मनोहर लाल खट्टर के भतीजे रमित खट्टर ने आज कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। कांग्रेस पार्टी ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।” रमित खट्टर हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और अभी केंद्र सरकार में मंत्री मनोहर लाल खट्टर के भाई जगदीश के बेटे हैं।

### पूर्व कमिश्नर पांडे बोले, मौका मिला तो चुनाव लड़ूंगा



**नई दिल्ली।** कांग्रेस में ज्वाइनिंग के बाद मुंबई पुलिस के पूर्व कमिश्नर संजय पांडे ने कहा की बिलकुल उनकी चुनाव लडने की इच्छा है मौका मिला तो चुनाव लडेंगे. खुद को ईडी, सीबीआई का विक्टिम होने के सवाल को टाल गए। उन्होंने अपनी स्पीच में ईडी, सीबीआई का जिक्र किया की किस तरह से उनकी गिरफ्तारी हुई थी। पांडे ने खुद को धर्मनिरपेक्ष बताया और कांग्रेस को बेहतर पार्टी करार दिया। पांडे ने माना कि पहले वो निर्दलीय लड़ना चाहते थे, लेकिन ये मुश्किल था इसीलिए उन्होंने कांग्रेस ज्वाइन की उन्होंने ये तक कहा कि 2004 में भी वो कांग्रेस ज्वाइन करना चाहते थे।

### हरियाणा विधानसभा चुनाव : भाजपा ने जारी किया संकल्प पत्र

# अग्निवीर को परमानेंट जॉब का वादा, महिलाओं को 2100 रुपए महीना

■ दो लाख युवाओं को “बिना पर्ची बिना खर्ची’ पक्की सरकारी नौकरी

■ जनता से भाजपा ने 20 बड़े वादे किए ■ नड्डा ने कांग्रेस के घोषणा पत्र को छलावा बताया

एजेंसी | रोहतक

हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर बीजेपी ने अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। पार्टी ने इसे संकल्प पत्र नाम दिया है। संकल्प पत्र में बीजेपी ने हरियाणा की जनता से 20 वादे किए हैं। जिसमें हर अग्निवीर को परमानेंट जॉब, महिलाओं को 2100 रुपए महीने समेत कई वादे शामिल हैं। रोहतक में घोषणा पत्र जारी करते समय बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी मौजूद रहे। इस दौरान राज्य के सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा कि यह घोषणापत्र चुनावी नहीं है। संकल्प पत्र जारी करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस के घोषणापत्र को छलावा बताया। जेपी नड्डा ने कहा कि हम तो हरियाणा की सेवा नॉन स्टॉप कर रहे हैं और इसे नॉन स्टॉप करने में आपको बहुत बड़ी जिम्मेदारी निभानी है। हमने जो कहा था वो किया है, जो नहीं कहा था वो भी किया है और जो कहेंगे वो भी करेंगे। नड्डा ने कहा कि हम लोगों ने तय किया है कि




#### 50 हजार से ज्यादा युवाओं को रोजगार

आईएमटी खरखौदा की तर्ज पर 10 औद्योगिक शहरों का निर्माण किया जाएगा और आस-पास के गांवों के 50 हजार से ज्यादा युवाओं को रोजगार दिया जाएगा। इसी प्रकार से चिरायु आयुष्मान के तहत 5 लाख प्रति वर्ष मिलने वाली राशि को 10 लाख किया जाएगा। बीजेपी अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार समयबद्ध तरीके से अगली बार जब आपके सामने आएगी, तब संकल्प पत्र में किए गए सारे वादों को पूरा करके आएगी। नड्डा ने कहा कि जब कांग्रेस की सरकार थी, तब 1,158 करोड़ रुपए किसानों को फसल का मुआवजा दिया गया, जबकि भाजपा सरकार के दौरान किसानों को 12,500 करोड़ रुपए फसल का मुआवजा दिया गया। कांग्रेस की सरकार की तुलना में भाजपा सरकार के दौरान किसानों को करीब 10 गुना ज्यादा फसल का मुआवजा दिया गया।

सभी महिलाओं को ‘लाडो लक्ष्मी योजना’ के तहत प्रतिमाह 2,100 रुपए वित्तिय सहायता प्रदान की जाएगी।

#### भाजपा के संकल्प पत्र की प्रमुख बातें -

- महिलाओं को लाडो लक्ष्मी योजना के तहत हर महीने 2100 रुपए।
- आईएमटी खरखौदा की तर्ज पर 10 औद्योगिक शहरों का निर्माण किया जाएगा। हर शहर में 50 हजार स्थानीय युवाओं को नौकरी देने के लिए उद्यमियों को विशेष प्रोत्साहन दिया जाएगा।
- चिरायु-आयुष्मान योजना के तहत प्रत्येक परिवार को 10 लाख तक का मुफ्त इलाज और परिवार के 70 साल से ज्यादा उम्र के हर बुजुर्ग को अलग से 5 लाख तक का मुफ्त इलाज मिलेगा।
- न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 24 फसलों की खरीद।
- दो लाख युवाओं को “बिना पर्ची बिना खर्ची’ पक्की सरकारी नौकरी।
- पांच लाख युवाओं के लिए अन्य रोजगार के अवसर एवं नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन योजना से मासिक स्टाइपेंड।
- शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 5 लाख घर।
- सरकारी व प्राइवेट सभी अस्पतालों में मुफ्त डायग्नोसिस।
- हर घर गृहिणी योजना के तहत 500 रुपए में सिलेंडर।
- अव्वल बालिका योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में कॉलेज जाने वाली प्रत्येक छात्रा को स्कूटर।
- हर हरियाणवी अग्निवीर को सरकारी नौकरी की गारंटी।
- भारत सरकार के सहयोग से केएमपी के ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर का निर्माण एवं नई वंदे भारत ट्रेनों की शुरुआत।
- हरियाणा में एक अंतरराष्ट्रीय स्तर का अरावली जंगल सफारी पार्क।
- डीए और पेंशनों को जोड़ने वाले साइंटिफिक फॉर्मूले के आधार पर सभी सामाजिक मासिक पेंशनों में बढ़ोतरी होगी।
- सरकारी कॉलेज से मेडिकल और इंजीनियरिंग पढ़ने वाले ओबीसी एवं एससी जातियों के हरियाणा के विद्यार्थियों को पूरी स्कॉलरशिप।

### धारा 370 पर दो टूक

# पाकिस्तान को बोले उमर, पहले अपना मुल्क संभालो

■ जम्मू-कश्मीर का मसला भारत का आंतरिक मामला



एजेंसी | श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने आर्टिकल 370 पर पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के बयान पर कड़ा एतराज जताया है। नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने कहा कि पाकिस्तान पहले अपना मुल्क संभाले। उन्हें हमारे चुनाव को लेकर बयानबाजी नहीं करनी चाहिए। हमें पाकिस्तान से क्या लेनादेना है। हम पाकिस्तान में नहीं हैं। जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम ने साफ कहा कि जम्मू-कश्मीर का मसला भारत का आंतरिक मामला है और पाकिस्तान को इसमें दखल देने का कोई अधिकार नहीं है। बता दें, कश्मीर में विधानसभा चुनाव के दौरान पाकिस्तान द्वारा कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस का समर्थन करने के बाद राजनीति गरमा गई है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने जियो टीवी को दिए एक इंटरव्यू में कहा कि आर्टिकल 370 की बहाली पर पाकिस्तान कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ है। उन्होंने कहा कि हम अनुच्छेद 370 पर कांग्रेस गठबंधन के रुख से सहमत हैं। पाकिस्तानी पत्रकार हामिद मीर ने अपने कार्यक्रम ‘कैपिटल टॉक’ में ख्वाजा आसिफ से पूछा कि शेख अब्दुल्ला और नेहरू ने 370 और 35A की व्यवस्था की थी, और अब नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस कह रही हैं कि अगर वे चुनाव जीत गए, तो 370 और 35A को बहाल करेंगे? इस सवाल पर पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि मुझे लगता है कि यह संभव है। कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस दोनों की मजबूत मौजूदगी है। कश्मीर की जनता भी इस मुद्दे पर काफी उत्साहित है। हालांकि नेशनल कॉन्फ्रेंस ने सत्ता में आने पर अनुच्छेद 370 की बहाली की प्रतिबद्धता दोहराई है, कांग्रेस ने इस पर अब तक कोई बयान नहीं दिया है। कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में भी इस मुद्दे का जिक्र नहीं किया है, उसने जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने का वादा किया है।

### अमित शाह ने कांग्रेस पर पाकिस्तान की भाषा बोलने का लगाया आरोप

# ‘देश विरोधी ताकतों के साथ खड़े रहे हैं राहुल

एजेंसी | नई दिल्ली

अमेरिका दौरे पर राहुल गांधी की इल्हान उमर जैसी कट्टर भारत-विरोधी लोगों से मुलाकात और उनके दिए बयानों पर बीजेपी पहले से हमलावर है।

इस बीच पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के एक बयान ने बीजेपी को राहुल गांधी पर हमले का एक और मौका दे दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आरोप लगाया है कि राहुल गांधी भारत विरोधी ताकतों के साथ खड़े रहे हैं। पाकिस्तानी रक्षा मंत्री के बयान ने एक बार फिर कांग्रेस का पर्दाफाश कर दिया है। शाह ने एक्स पर पोस्ट किया, ‘पाकिस्तान



#### क्या कहा था पाक रक्षा मंत्री ने

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने एक न्यूज चैनल के साथ बातचीत में कहा कि जम्मू-कश्मीर में आर्टिकल 370 और 35 ए को बहाल करने के लिए पाकिस्तान और कांग्रेस-नैशनल कॉन्फ्रेंस गठबंधन एक ही पेज पर हैं। जब एंकर ने उनसे सवाल किया कि अगर जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में इस गठबंधन की जीत हुई तो क्या वे आर्टिकल 370 और 35 ए को बहाल करेंगे। इसके जवाब में ख्वाजा आसिफ ने कहा, ‘ये मुमकिन है।

के रक्षा मंत्री का आर्टिकल 370 और 35 ए पर कांग्रेस और जेकेएनसी के समर्थन की बात ने एक बार फिर कांग्रेस को एक्सपोज कर दिया है।

इस बयान ने पुनः यह स्पष्ट कर दिया है कि कांग्रेस और पाकिस्तान के इरादे भी एक हैं और एजेंडा भी। पिछले कुछ वर्षों से राहुल गांधी भारत विरोधी ताकतों के साथ खड़े रहे हैं।’ उन्होंने आगे लिखा है, ‘एयर स्ट्राइक व सर्जिकल स्ट्राइक के सबूत मांगने हों, या भारतीय सेना के बारे में आपत्तिजनक बातें करना हो, राहुल गांधी की कांग्रेस पार्टी और पाकिस्तान के सुर हमेशा एक रहे हैं और कांग्रेस का हाथ हमेशा देशविरोधी शक्तियों के साथ रहा है। लेकिन, कांग्रेस पार्टी और पाकिस्तान यह भूल जाते हैं कि केंद्र में मोदी सरकार है, इसलिए कश्मीर में न तो आर्टिकल 370 वापस आने वाला है और न ही आतंकवाद।’

### 21 को आतिशी का शपथ ग्रहण समारोह

# पांच कैबिनेट मंत्री लेंगे शपथ, अहलावत का नाम भी शामिल

एजेंसी | नई दिल्ली

आतिशी 21 सितंबर को दिल्ली की मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगी। उनके साथ अन्य मंत्री भी शपथ लेंगे। अरविंद केजरीवाल ने बीते मंगलवार की शाम को एलजी को अपना इस्तीफा सौंपा था और आतिशी ने सरकार बनाने का दावा पेश किया था। आतिशी के साथ शपथ कैबिनेट मंत्री लेंगे। दिल्ली में गोपाल राय, कैलाश गहलोत, सौरभ भारद्वाज और इमरान हुसैन कैबिनेट मंत्री की शपथ लेंगे। मुकेश अहलावत भी कैबिनेट मंत्री की शपथ लेंगे। दिल्ली को



एक नया कैबिनेट मंत्री मिलेगा। मुकेश अहलावत सुल्तानपुरी से विधायक हैं। यह अनुसूचित जाति वर्ग से आते हैं। यह राजकुमार आनंद की जगह लेंगे। बता दें कि दिल्ली सरकार में मुख्यमंत्री सहित कुल छह मंत्री होते हैं। अभी पांच मंत्री शपथ लेंगे मुख्यमंत्री के साथ। एक मंत्री की जगह अभी खाली है जो आतिशी की जगह पर बनेंगे। आम आदमी पार्टी ने एक बयान में कहा कि आतिशी 21 सितंबर को दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगी, उनके साथ अन्य मंत्री भी शपथ लेंगे। बता दें कि दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने सरकार के गठन के प्रस्ताव के साथ मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का इस्तीफा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भेजा था।

### भाजपा-कांग्रेस में आरोप-प्रत्यारोप

# राहुल के खिलाफ बयान के बाद कांग्रेस आक्रामक, बेंगलुरु में FIR दर्ज

एजेंसी | बेंगलुरु

केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू की ओर से विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ दिए विवादित बयान के बाद कांग्रेस आक्रामक हो गई है। कांग्रेस इस मामले में रवनीत सिंह बिट्टू से माफी मांगने और उन पर कार्रवाई करने की मांग कर रही है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इस मामाले में पीएम मोदी को पत्र लिख रवनीत सिंह बिट्टू पर कार्रवाई की मांग की थी। अब इस मामले में बेंगलुरु में रवनीत सिंह बिट्टू के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। कांग्रेस नेताओं ने बेंगलुरु के हाई ग्राउंड्स पुलिस स्टेशन में रवनीत बिट्टु के खिलाफ शिकायत




की है। गौरतलब है कि पूरा विवाद अमेरिका में राहुल गांधी की ओर से सिख समुदाय के ऊपर की गई एक टिप्पणी को लेकर है, जिस पर राहुल गांधी को आड़े हाथों लेते हुए रवनीत बिट्टू ने उन्हें देश का सबसे बड़ा आतंकवादी तक बता डाला था। उन्होंने कहा था आतंकवादियों की लिस्ट में उनका नाम पहले नंबर पर होना चाहिए। उन्होंने कहा था कि राहुल के समर्थन में आज देश को बांटने वाले, बम-गोला-बारूद वाले, ट्रेन में ब्लास्ट करने वाले खड़े हो रहे हैं।

#### माफी मांगने से किया इंकार

वहीं रवनीत बिट्टू ने माफी मांगने से साफ इंकार करते हुए गुरुवार को कहा कि उन्हें राहुल गांधी पर दिए गए पर कोई पछतावा नहीं है और वह माफी नहीं मांगेंगे। सांसद ने कहा कि गांधी परिवार ने पंजाब को जला दिया और इसके परिणामस्वरूप राज्य ने कई पीढ़ियों को खो दिया। बिट्टू ने कहा कि मुझे इसका पछतावा क्यों होना चाहिए? पंजाब में हमने अपनी कई पीढ़ियों को खो दिया है।

#### सिखों पर टिप्पणी का मामला: राहुल के खिलाफ तीन थानों में शिकायत

अमेरिका में सिखों पर टिप्पणी के मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ दिल्ली में तीन पुलिस थानों में शिकायत दर्ज कराई गई हैं। मामले में भाजपा नेताओं की तरफ से पंजाबी बाग, तिलक नगर और संसद मार्ग पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। इस शिकायत में लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी पर सिख समुदाय को लेकर अभद्र टिप्पणी करने और देश की सामाजिक एकता को जानबूझकर खतरा पहुंचाने का आरोप लगाया गया है। भाजपा के सिख प्रकोष्ठ के नेता चरणजीत सिंह लवली की शिकायत में कहा गया है कि राहुल गांधी ने सिखों के संदर्भ में विदेशों में गलत छवि पेश की। उन्होंने कहा है कि राहुल गांधी अपने संवैधानिक स्तर का गलत उपयोग कर रहे हैं। वहीं अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष सीएल मीणा ने अपनी शिकायत में कहा है कि राहुल गांधी ने अपनी टिप्पणियों में अनुसूचित जाति-जनजातियों को उकसाने वाली बातें कही हैं। उन्होंने कांग्रेस नेता पर देश की आंतरिक सुरक्षा को गंभीर खतरा पैदा करने वाली बातें कहने का भी आरोप लगाया है।

#### खरगे ने पीएम मोदी को लिखा था पत्र

मल्लिकार्जुन खरगे ने पीएम मोदी को जन्मदिन की बधाई देने के साथ केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू और एक भाजपा नेता के राहुल गांधी को आतंकी कहने पर पत्र लिखा था। इस भाषा पर ऐतराज जताते हुए खरगे ने लिखा कि मुझे दुःख के साथ कहना पड़ता है कि भारतीय जनता पार्टी और आपके सहयोगी दलों के नेताओं ने जिस हिंसक भाषा का प्रयोग किया है, वह भविष्य के लिए घातक है।

#### नड्डा ने याद दिलाईं मोदी को दी गालियां

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आज मल्लिकार्जुन खरगे को चिट्ठी लिखी है। नड्डा की यह चिट्ठी एक तरह से खरगे के पीएम मोदी को लिखे पत्र का जवाब है। नड्डा ने अपनी लिखी चिट्ठी में लिखा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष की बातें सच से दूर हैं। राहुल गांधी ने पीएम मोदी को लेकर आपत्तिजनक बातें कही थीं। जेपी नड्डा ने कहा कि सोनिया गांधी ने भी पीएम मोदी को मौत का सौदागर कहा था। उन्होंने निशाना साधते हुए कहा कि राहुल गांधी को महिमामंडित करना अब खरगे की मजबूरी बन गया है। नड्डा ने लगभग तीन पन्नों का लेटर लिखा है। पत्र पर बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जवाब दिया है।

## किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहे नौसेना: राजनाथ सिंह



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय नौसेना के शीर्ष कमांडरों से उथल-पुथल वाले वैश्विक परिदृश्य के मद्देनजर किसी भी सुरक्षा चुनौती से निपटने के लिए तैयार रहने का आह्वान किया और भारत की समग्र नौसैनिक क्षमता को और बढ़ाने की आवश्यकता को रेखांकित किया। नौसेना कमांडरों के सम्मेलन में अपने संबोधन में सिंह ने कहा कि भारत को अब हिंद महासागर में तरजीही वाले सुरक्षा साझेदार के रूप में देखा जाता है और भारतीय नौसेना इस क्षेत्र में शांति और समृद्धि को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

### जरूरी खबर

### फुटपाथ पर सो रहे 2 मजदूरों को कार ने कुचला

**नई दिल्ली।** दिल्ली में फुटपाथ पर सो रहे दो लोगों को तेजी से आ रही कार ने कुचल दिया। इससे एक शख्श की मौत हो गई। मामला राष्ट्रीय राजधानी के शाहदरा के गीता कॉलोनी इलाके का है। यहां फुटपाथ पर सो रहे दो मजदूर तेज रफ्तार से आ रही एक कार की चपेट में आ गए, जिसमें 40 साल के एक व्यक्ति की मौत हो गई। यह घटना गांधी नगर के पुस्ता रोड पर सुबह के समय घटी जब पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो उसने देखा कि एक कार फुटपाथ पर चढ़ी हुई है। पुलिस को वहां पहुंचने पर पता चला कि 40 साल के सोनू और 38 साल के मोहम्मद इस्लाम इस दुर्घटना में घायल हो गए हैं जिन्हें एसडीएन अस्पताल ले जाया गया, लेकिन सोनू की मौत हो गई। कार चालक शास्त्री नगर निवासी 38 साल के राहुल कुमार को मौके से हिरासत में लिया गया और बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

### बाढ़ से प्रभावित आंध्र को 25 करोड़ रुपए का दान



**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश में भारी बारिश के बाद आई बाढ़ से तबाही मची है। बाढ़ग्रस्त इलाकों में काफी नुकसान हुआ है। करीब 10 हजार से ज्यादा लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। 46 लोगों की जान जा चुकी है। इस बीच अदाणी ग्रुप आंध्र प्रदेश के बाढ़ग्रस्त इलाकों के लोगों की मदद के लिए आगे आया है। अदाणी ग्रुप ने बाढ़ राहत कोष में 25 करोड़ रुपए डोनेट किए हैं। इससे बाढ़ से प्रभावित लोगों के पुनर्वास में मदद मिलेगी। अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करके इसकी जानकारी दी।

### महाराष्ट्र: नंदुरबार में छोड़े आंसू गैस के गोले

**मुंबई।** महाराष्ट्र के नंदुरबार जिले में गुरूवार को दो पक्षों के बीच तनाव पैदा हो गया। तनाव इतना बढ़ गया है कि दोनों पक्षों की ओर से जमकर पथराव हो गया। पथराव की वजह से कुछ लोग घायल हो गए। स्थिति तो संभालने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े, लेकिन लोग फिर भी सड़कों पर जमा रहे। पुलिस ने इसके बाद हल्का बल प्रयोग कर भीड़ को तितर-बितर करने की कोशिश की। बताया जा रहा है कि आंसू गैस के गोले दागने से पहले पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों की ओर से दोनों पक्षों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया गया।

### मणिपुर में सात जगहों से आईईडी बरामद



**इंफाल।** सेना और मणिपुर पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से चलाए गए अभियान में मणिपुर के पहाड़ी क्षेत्र में इंफाल पूर्वी जिले के बोंगजांग और इथम गांवों के पास बड़ी मात्रा में IED बरामद किया गया है। माना जा रहा है कि यह मणिपुर में रची जा रही बड़ी साजिश का हिस्सा हो सकता है। विशेष सूचना पर कार्रवाई करते हुए भारतीय सेना और मणिपुर पुलिस की टुकड़ियों ने त्वरित कार्रवाई की और सेना के विस्फोटक खोजी कुत्तों को शामिल करते हुए व्यापक तलाशी अभियान चलाया। अभियान के परिणामस्वरूप सात IED बरामद किए गए, जिनका वजन लगभग 28.5 किलोग्राम था।

### वाईएसआरसीपी पर लोगों की आस्था से खिलवाड़ का आरोप

# तिरुपति मंदिर के प्रसाद में मिला फिश ऑयल, जानवरों की चर्बी

■ आंध्र प्रदेश के CM के आरोपों के बाद प्रसाद की जांच ■ हिन्दू संगठनों ने जताई नाराजगी, पूर्व सरकार निशाने पर

**एजेंसी** | नई दिल्ली

तिरुपति मंदिर के प्रसाद में फिश ऑयल मिलने की पुष्टि हुई है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने तिरुपति मंदिर के प्रसाद में घी की जगह जानवरों की चर्बी मिलाने का आरोप लगाया था। इसके बाद सैंपल जांच के लिए भेजे गए। अब जांच के बाद रिपोर्ट सामने आई है जिसमें फिश ऑयल मिलने की बात कही गई है। वहीं हिन्दू संगठनों ने भी इस पर नाराजगी जताई है। टीडीपी प्रवक्ता अनम वेंकट रमना रेड्डी ने बताया, तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम से लिए गए सैंपल को गुजरात में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड को भेजा गया था। रिपोर्ट प्रमाणित करती है कि तिरुमाला को



आपूर्ति किए गए घी को तैयार करने में गोमांस की चर्बी और पशु वसा और मछली के तेल का उपयोग किया गया था।

#### लड्डू भी घटिया सामग्री के

NDA विधायक दल की बैठक में सीएम नायडू ने दावा किया कि तिरुमाला लड्डू भी घटिया सामग्री से बनाया जाता था, घी की जगह पशु वसा का इस्तेमाल किया जाता था। सीएम ने जोर देकर कहा कि अब शुद्ध घी का इस्तेमाल किया जा रहा है और मंदिर में हर चीज को सैनिटाइज किया गया है, जिससे गुणवत्ता में सुधार हुआ है।

#### विहिप ने की कार्रवाई की मांग

विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने इसे गंभीर मुद्दा करार दिया है। उन्होंने इस मामले में लिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने एक बयान में कहा, आंध्र प्रदेश की पिछली वाईएसआर सरकार के हिंदू विरोधी कृत्यों के बारे में सभी जानते हैं, लेकिन किसी ने यह उम्मीद नहीं की थी कि यह इस स्तर तक गिर जाएगी।

#### जगन मोहन रेड्डी ने किया नायडू पर पलटवार

सीएम नायडू के इस बयान पर जगन मोहन रेड्डी की पार्टी वाईएसआरसीपी ने भी जवाब दिया। इसमें कहा गया कि चंद्रबाबू नायडू ने दिव्य मंदिर तिरुमाला की पवित्रता और करोड़ों हिंदुओं की आस्था को नुकसान पहुंचाकर बहुत बड़ा पाप किया है। चंद्रबाबू नायडू द्वारा तिरुमाला के प्रसाद पर की गई टिप्पणी बेहद घटिया है। मनुष्य जन्म में जन्मा कोई भी व्यक्ति ऐसे शब्द नहीं बोलता और न ही ऐसे आरोप लगाता है। एक बार फिर यह साबित हो गया है कि राजनीति के लिए चंद्रबाबू कुछ भी गलत करने से नहीं हिचकिचाएंगे। रेड्डी ने कहा कि भक्तों की आस्था को मजबूत करने के लिए मैं और मेरा परिवार तिरुमाला प्रसाद के मामले में शपथ लेने के लिए तैयार है। क्या चंद्रबाबू भी अपने परिवार के साथ शपथ लेने के लिए तैयार हैं?

### ट्रेन हादसे की साजिश नाकाम

## पटरी पर रखा था खंभा, चालक ने रोकी ट्रेन

**एजेंसी** | रामपुर

बिलासपुर कोतवाली क्षेत्र में उत्तराखंड सीमा स्थित रुद्रपुर रेलवे स्टेशन से करीब पांच सौ मीटर दूर रामपुर-काठगोदाम रेलवे लाइन पर बुधवार की देर रात कुछ आसामाजिक तत्वों ने टेलीफोन का पुराना खंभा अवरोध के रूप में पटरियों पर रख कर नैनी जन शताब्दी ट्रेन को पलटने का प्रयास किया। इस दौरान देहरादून से काठगोदाम जा रही रही नैनी जन शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन चालक ने सूझबूझ से इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को ट्रैक पर रोक दिया। इसके बाद खंभे को हटाकर ट्रेन को रेलवे स्टेशन तक ले गया। मामले की सूचना स्टेशन अधीक्षक को दी। इसके बाद अधिकारियों में कुछ आसामाजिक तत्वों द्वारा ट्रेन को पलटने की साजिश की आशंका को लेकर हड़कंप मच गया। रात में ही एसपी विद्यासागर, एएसपी अतुल श्रीवास्तव, एसपी जीआरपी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मामले की गहनता से जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार बुधवार की रात करीब दस बजे नैनी जनशताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन देहरादून से काठगोदाम को जा रही थी।

#### 15 मिनट रेलवे स्टेशन पर रुकी रही जन शताब्दी

पुलिस का कहना है इसके बाद चालक ने पाइप को ट्रैक से हटाकर ट्रेन रुद्रपुर रेलवे स्टेशन पर जाकर रोकी। मामले की सूचना स्टेशन अधीक्षक को दी। इस दौरान ट्रेन करीब 15 मिनट रेलवे स्टेशन पर रुकी रही। स्टेशन अधीक्षक ने रेलवे पटरी पर लोहे का पाइप रखकर ट्रेन पलटने की आशंका जताते हुए मामले की सूचना तत्काल कोतवाली पुलिस व रेलवे विभाग के उच्च अधिकारियों को दी।

### दंगारोधी विधेयक को राजभवन से मंजूरी

## उत्तराखंड में अब दंगाइयों से ही होगी क्षतिग्रस्त संपत्ति की भरपाई

**एजेंसी** | देहरादून

उत्तराखंड में दंगा-फसाद करने वाले उपद्रवियों पर नकेल कसने के लिए उत्तराखंड लोक और निजी संपत्ति क्षति वसूली विधेयक को राज्यपाल की मंजूरी मिल गई है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बताया कि गैरसैंण विधानसभा सत्र के दौरान प्रदेश सरकार ने अध्यादेश के तौर पर लागू इस कानून के लिए विधेयक पेश किया था। इस कानून के तहत हड़ताल, दंगों, बंद और



आंदोलनों में सरकारी के साथ-साथ निजी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने वालों से वसूली की जाएगी। इसके संबंध में एक दावा अभिकरण का गठन किया जाएगा। इसमें कोई भी व्यक्ति और सरकारी संपत्तियों का प्राधिकारी इस दावा अभिकरण में अपना दावा पेश कर सकेगा। इस दावे का निपटारा भी निश्चित समय अवधि में होगा, ताकि जल्द से जल्द नुकसान की भरपाई नुकसान करने वाले से हो सके।

यदि किसी आंदोलन, बंद आदि में संपत्तियों को नुकसान पहुंचता है तो इसकी भरपाई संबंधित बंद या आंदोलन का आह्वान करने वाले नेता से की जाएगी।

### जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल खत्म

**कोलकाता।** कोलकाता कांड के बाद से धरना प्रदर्शन कर रहे डॉक्टरों ने काम पर वापस लौटने का ऐलान किया है। आरजी कर मेडिकल कॉलेज में महिला डॉक्टर के साथ दरिंदगी के विरोध में 9 अगस्त के बाद से जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर धरना प्रदर्शन कर रहे थे। ममता सरकार लगातार इनसे काम पर वापस लौटने की मांग कर रही थी। सुप्रीम कोर्ट ने भी डॉक्टरों को वापस काम पर लौटने को कहा था।जूनियर डॉक्टरों ने शुक्रवार 20 सितंबर से स्वास्थ्य भवन और कोलकाता में चल रहे धरना प्रदर्शन को खत्म करने का ऐलान किया है। शनिवार से सभी डॉक्टर काम पर वापस लौटेंगे।

### स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी ने जारी की लिस्ट

## दुनिया के शीर्ष वैज्ञानिकों में इलाहाबाद विवि के 19 शिक्षक

**एजेंसी** | इलाहाबाद

इलाहाबाद विश्वविद्यालय के 19 शिक्षकों ने दुनिया के शीर्ष दो फीसदी वैज्ञानिकों में जगह बनाई है। स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय ने हर साल की तरह इस बार भी शीर्ष वैज्ञानिकों की लिस्ट जारी कर दी है, जिसमें दुनिया भर से 8.5 लाख वैज्ञानिकों को शामिल किया गया है। इस लिस्ट में इविवि के आठ विभागों के वैज्ञानिक शामिल किए गए हैं। भौतिक विभाग से डॉ. अशील कुमार, डॉ. ठाकुर प्रसाद



यादव, डॉ. निति कांत एवं डॉ. आरके वर्मा, जैव रसायन विभाग के डॉ. अभय कुमार पांडेय, प्रो. बेचन शर्मा, प्रो. एसआइ रिजवी, डॉ. मुनीश कुमार एवं डॉ. आशुतोष गुप्ता, जैव प्रौद्योगिकी के डॉ. मोहन प्रसाद सिंह को शामिल किया गया है। वहीं, रसायन विज्ञान विभाग के डॉ. विशाल श्रीवास्तव एवं डॉ. एमसी चटोपाध्याय, वायुमंडलीय एवं समुद्र अध्ययन केंद्र के डॉ. सुधीर कुमार सिंह, वनस्पति विज्ञान विभाग के प्रो. शिव मोहन प्रसाद, डॉ. देवेंद्र कुमार चौहान एवं डॉ. अश्विनी कुमार, पदार्थ विज्ञान केंद्र के डॉ. मनोज कुमार, पर्यावरण विज्ञान केंद्र के डॉ. उमेश कुमार सिंह एवं डॉ. अविनाश चंद्र पांडेय भी शीर्ष वैज्ञानिकों में शामिल हैं।

### सफाई मित्रों को राष्ट्रपति ने किया सम्मानित

# महिलाओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करने की जरूरत

**एजेंसी** | इंदौर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को मध्यप्रदेश में कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। उन्होंने सफाई मित्रों को भी सम्मानित किया और इंदौर के देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के हीरक जयंती वर्ष के दीक्षांत समारोह में हिस्सा लिया। राष्ट्रपति ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को दुनिया का सबसे विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य हासिल करने के लिए महिलाओं को उच्च शिक्षा हासिल करने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित किए जाने की जरूरत है। वहीं उज्जैन में एक कार्यक्रम में राष्ट्रपति ने कहा कि स्वच्छता से ही देश स्वस्थ और विकसित बनेगा। इंदौर में दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति ने आह्वान किया कि आधी आबादी को हर तबके की मदद मिलनी चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा, ''मैं सभी शिक्षण संस्थानों और शिक्षकों से कहना चाहूंगी कि वे बेटियों को उच्च शिक्षा हासिल करने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित करें क्योंकि हम भारत को 2047 तक सबसे विकसित और सबसे आगे चलने वाला देश बनाना चाहते हैं।'' दीक्षांत समारोह को सूबे के राज्यपाल मंगू भाई पटेल और मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भी संबोधित किया।







#### देवी अहिल्याबाई को किया याद

राष्ट्रपति ने इंदौर के पूर्व होलकर राजवंश की शासक देवी अहिल्याबाई को उनकी 300वीं जयंती पर उनके कुशल प्रशासन, न्यायपरायणता, महिला सशक्तिकरण, लोक कल्याणकारी कार्यों और जनजातीय विकास के क्षेत्रों में उनके ऐतिहासिक योगदान के लिए याद किया। राष्ट्रपति ने कहा,"देवी अहिल्याबाई का जीवन इस बात का उदाहरण है कि महिलाएं राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और आध्यात्मिक क्षेत्रों समेत सभी क्षेत्रों में सक्रिय होकर क्रांतिकारी परिवर्तन ला सकती हैं।" द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि देवी अहिल्याबाई 18वीं सदी में भी शिक्षा के महत्व को समझती थीं और उनके पिता ने उन्हें उस दौर में शिक्षित किया, जब लड़कियों का पढ़ना आम बात नहीं थी और समाज के लोग इसका विरोध भी करते थे।

#### स्वच्छता की दिशा में आगे आने की अपील

उज्जैन में एक कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को लोगों से स्वच्छता की दिशा में आगे आने की अपील करते हुए कहा कि स्वच्छता से ही भारत स्वस्थ और विकसित बनेगा। यहां सफाई मित्र सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुर्मू ने स्वच्छता सर्वेक्षण में लगातार सातवीं बार शीर्ष पर रहने के लिए मध्यप्रदेश के इंदौर शहर और देश में सबसे स्वच्छ राज्य की राजधानी होने के लिए भोपाल की भी प्रशंसा की।

#### लोगों में जागरूकता बढ़ी

राष्ट्रपति ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के कारण लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ी है और इस संबंध में उनके व्यवहार में काफी बदलाव आया है। 'राष्ट्रपति ने सफाई कर्मचारियों की भूमिका की भी सराहना की और उन्हें अग्रिम पंक्ति के योद्धा बताया, क्योंकि उन्होंने शहर को साफ रखने और नागरिकों को गंदगी से जुड़ी विभिन्न बीमारियों से बचाने में प्रमुख भूमिका निभाई है। इस अवसर पर मुर्मू ने चार महिलाओं सहित पांच सफाई मित्रों को सम्मानित किया और 1,692 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली उज्जैन-इंदौर छह लेन सड़क की आधारशिला भी रखी।

## IHHA के वार्षिक कन्वेंशन में जयपुर-राजस्थान के टूरिज्म विशेषज्ञों ने रखा प्रदेश का पक्ष

# देश की जीडीपी में पर्यटन के क्षेत्र का योगदान दोगुना करने की जरूरत

बेधड़क | जयपुर

वर्तमान में भारत की जीडीपी में पर्यटन क्षेत्र का सिर्फ 5% योगदान है, जबकि थाईलैंड और तुर्की जैसे देशों का योगदान क्रमशः 23% और 11% है। इसे कम से कम 10% तक बढ़ाने के लिए लक्षित स्ट्रेटजी की जरूरत है। इनमें लोकप्रिय पर्यटक स्थलों पर भीड़-भाड़ कम करना, नए गंतव्यों का विकास करना, प्रमुख मार्केट्स के लिए हवाई कनेक्टिविटी में सुधार करना और साथ ही छुट्टी मनाने आने वाले और बिजनेस ट्रैवलर्स दोनों के लिए होटलों को अधिक आकर्षक बनाना शामिल है।

राज्यों को 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' में सुधार लाने और निवेश के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। ये विचार भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव डॉ. सुमन बिल्ला ने तमिलनाडु के तंजावुर में इंडेको होटल स्वामीमलाई कुंभकोणम में आयोजित इंडियन हेरिटेज होटल्स एसोसिएशन के 11वें कन्वेंशन के उद्घाटन में साझा किए। इस दौरान जयपुर और राजस्थान से बड़ी संख्या में होटल व टूरिज्म विशेषज्ञ मौजूद रहे, जिन्होंने राजस्थान और जयपुर में टूरिज्म को बढ़ाने पर चर्चा की।



### टूरिस्ट के अनुभवों में रह जाती है कमी

हेरिटेज के बारे में विशेष रूप से बोलते हुए बिल्ला ने जोर दिया कि भारत में विश्व स्तरीय हेरिटेज साइट्स मौजूद हैं, लेकिन इन स्थानों पर आगंतुकों के अनुभवों में अक्सर कमी रह जाती है। इस समस्या के समाधान के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण और पर्यटन मंत्रालय को समग्र पर्यटन अनुभव को बढ़ाने के लिए साथ मिलकर कार्य करना चाहिए। आगंतुकों के लिए समृद्ध, गहन अनुभव सृजित करने में स्टोरीटैलिंग की कला महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है तथा व्याख्या केन्द्रों, संग्रहालयों और अन्य सुविधाओं के विकास से इन स्थलों की पूरी क्षमता को सामने लाने में मदद मिल सकती है। इसके अलावा बढ़िया भोजन, मनोरंजन और अन्य सुविधाओं को शामिल करने से अनुभव और भी बेहतर हो सकता है। इन स्मारकों के आसपास आजीविका को प्रोत्साहित करना आवश्यक है और साथ ही हेरिटेज के अनुकूल पुनः उपयोग के लिए एक मजबूत फ्रेमवर्क का निर्माण भी महत्वपूर्ण है।




### प्रासंगिक है 'रिवाइटलाइजिंग इंडियन हेरिटेज' थीम

पुडुचेरी के पर्यटन मंत्री के. लक्ष्मीनारायणन ने कहा कि इस वर्ष के आईएचएचए कन्वेंशन की थीम 'रिवाइटलाइजिंग इंडियन हेरिटेज' प्रासंगिक है, क्योंकि आईएचएचए ने देश भर में विश्व स्तरीय डेस्टिनेशन्स को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने पूरे देश में पर्यटन उत्पादों को बढ़ावा देने में आईएचएचए के सराहनीय प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने एक अद्वितीय डेस्टिनेशन के रूप में पुडुचेरी पर प्रकाश डाला, जो तमिल और यूरोपीय संस्कृतियों का मिश्रण है। उन्होंने कहा कि सरकार ने हेरिटेज स्ट्रक्चर्स के रूप में संरक्षित करने के लिए 100 से अधिक इमारतों की पहचान की है।प्रेसिडेंट ऑफ ऑनर आईएचएचए गज सिंह ने कहा कि आईएचएचए के विजन का एक प्रमुख स्तंभ 'सस्टेनेबल प्रिजर्वेशन' रहा है। पर्यावरण अनुकूल निर्माण विधियों और जीर्णोद्धार तकनीकों को अपनाकर हम पर्यावरणीय प्रभाव को न्यूनतम करते हुए विरासत स्थलों की लंबी उम्र सुनिश्चित करते हैं।

### स्थानीय समुदायों को शामिल करने पर जोर

स्वागत संबोधन में आईएचएचए संयोजक और उपाध्यक्ष स्टीव बोर्जिया ने विरासत स्थलों के प्रबंधन में स्थानीय समुदायों को शामिल करने के महत्व पर बल दिया। इस अवसर पर पुडुचेरी सरकार के मुख्य सचिव आईएएस शरत चौहान, आईएचएचए सदस्य नीमराणा होटल्स चेयरमैन अमन नाथ और सीजीएच-आईएचएचए उपाध्यक्ष जोस डोमिनिक ने संबोधित किया। कन्वेंशन चेयरमैनराजेंद्र सिंह पचार ने धन्यवाद दिया। इससे पहले एग्जीबिशन का उद्घाटन आईएचएचए के प्रेसिडेंट गज सिंह ने किया।

## गर्भ कल्याणक दिवस मनाया



**बेधड़क. जयपुर।** जैन धर्म के 21वें तीर्थंकर भगवान नेमिनाथ का गर्भ कल्याणक दिवस मनाया गया। इस मौके पर दिगम्बर जैन मंदिरों में सुबह पूजा-अर्चना के विशेष आयोजन हुए। मंदिरों में नमिनाथ के मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक, शांतिधारा के बाद पूजा की गई। गर्भ कल्याणक श्लोक 'गरभागम मंगलधारा। जुग आश्विन श्याम उदारा। हरिहर्षि जजे पितुमाता। हम पूजें त्रिभुवन ताता।।' का उच्चारण करते हुए जयकारों के साथ गर्भ कल्याणक अर्घ्य चढ़ाया गया। आगरा रोड पर श्रीपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र चूलगिरी, मोती सिंह भोमियो का रास्ता स्थित श्रीदिगम्बर जैन मंदिर चौबीस महाराज, सांगानेर के दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र मंदिर संघीजी, जनकपुरी तारों की कूट पर सूर्य नगर स्थित श्रीशांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर सहित कई मंदिरों में आयोजन हुए।

## 'कफन' का मंचन आज

**बेधड़क. जयपुर।** कला, साहित्य, संस्कृति व पुरातत्व विभाग राजस्थान सरकार तथा रवींद्र मंच की ओर से संचालित टैगोर थिएटर योजना में शुक्रवार शाम 6:30 बजे नाटक कफन का मंचन किया जाएगा। मुंशी प्रेमचंद की कहानी पर आधारित नाटक का नाट्य रूपांतरण व निर्देशन रंगकर्मी व निर्देशक विपिन शर्मा ने किया है। नाटक की कहानी में बाल शोषण, बाल विवाह, सामाजिक कुरीतियों, आर्थिक शोषण व जातिगत भेदभाव को दर्शाया जाएगा।

## राष्ट्रपति अवॉर्ड का सिलेबस बताया



**बेधड़क. जयपुर।** बनीपार्क में राजस्थान स्काउट गाइड मंडल में चल रहे राज्य स्तरीय प्रशिक्षण शिविर व राष्ट्रपति अवॉर्ड शिविर में प्रतिभागियों को इससे जुड़े टॉपिक के बारे में जानकारी दी। गाइड सी ओ ऋतु शर्मा ने बताया कि शिविर में करीब 98 गाइड व रेंजर प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। शर्मा ने कहा कि शिविर राज्य व राष्ट्रपति अवॉर्ड के सिलेबस के बारे में जानकारी दी जा रही है।

# City इवेंट्स

## गोविंद के चरणों में भागवत पोथी पूजन



**बेधड़क. जयपुर।** श्रीबद्रीनाथ धाम बाबा मस्तनाथ आश्रम में 23 से 29 सितंबर तक होगी। इसका पोथी पूजन गोविंददेवजी के चरणों में किया गया। इस अवसर पर मानस गोस्वामी, अलबेली माधुरी शरण महाराज, प्रवीण बड़े भैया, वृन्दावन से निम्बार्क सम्प्रदाय संत व आशुतोष, महेन्द्र कुमार ग्रोवर, महन्त रामरज दास, सुरेन्द्र, राजेश शर्मा उपस्थित रहे।

## डॉ. सीमा देंगी रागों पर व्याख्यान

**बेधड़क. जयपुर।** दिल्ली की इंदिरा गांधी नेशनल यूनिवर्सिटी के संगीत विभाग की सह-आचार्य शुक्रवार को शहर के संगीत प्रेमियों को सारंग अंग के रागों और उनके छिपे भावों की जानकारी देंगी। 'सारंग अंग' नामक कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से मालवीय नगर में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में करीब 8 रागों की जानकारी देते हुए उन पर आधारित फिल्मी गानों और लोक गीतों के बारे में बताएंगे। कार्यक्रम में संगीत प्रेमियों का प्रवेश निःशुल्क होगा।

## व्रतियों की निकाली शोभा यात्राएं



**बेधड़क. जयपुर।** दिगम्बर जैन धर्मावलंबियों के भाद्रपद मास के दौरान सोलहकारण के निराहार रहकर उपवास करने वाले त्यागी व्रतियों के उपवासों की अनुमोदना करते हुए मंदिरों व कालोनियों में शोभा यात्राएं निकाली गई। राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर प्रदेश महामंत्री विनोद जैन ने बताया कि बापूनगर में सोलहकारण के उपलक्ष्य में 16 दिन के उपवास करने वाली मौसमी दीवान को बापूनगर के गणेश मार्ग स्थित श्रीपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन चैत्यालय में श्रीजी के दर्शन के बाद विंटेज कार में यात्रा निकाली गई। इस मौके पर विजय दीवान, राजीव जैन गाजियाबाद, प्रदीप जैन, आलौक जैन, विनय सोगानी, शैलेन्द्र गोधा, विराट दीवान, आशा दीवान, सीमा जैन गाजियाबाद, स्नेहलता सोगानी सहित लोग शामिल हुए।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान में मैराथन का आयोजन

# राजभाषा के प्रचार-प्रसार के लिए प्रतियोगिताएं और नुक्कड़ नाटक



बेधड़क | जयपुर

उत्तर-पश्चिम रेलवे में राजभाषा पखवाड़ा में राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए रेल कर्मचारियों के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसमें निबंध प्रतियोगिता, प्रारूप लेखन प्रतियोगिता, राजभाषा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, राजभाषा नीति नियम संबंधी कार्यशाला, नुक्कड़ नाटक खास रहे। साथ ही राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन किया जा रहा है। उत्तर-पश्चिम रेलवे प्रधान कार्यालय में राजभाषा प्रतिज्ञा, राजभाषा प्रदर्शनी व नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।

महाप्रबंधक अभिताभ ने रेलकर्मचारियों को राजभाषा प्रतिज्ञा की शपथ दिलाई व उत्तर-पश्चिम रेलवे पर राजभाषा पर प्रयोग-प्रसार प्रशिक्षण व प्रोत्साहन से करने का संकल्प लिया गया। राजभाषा विभाग द्वारा राजभाषा दीर्घा का प्रदर्शन किया गया, जिसमें राजभाषा नियमों, राजभाषा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियों का प्रदर्शन किया गया। इसके बाद रेलवे के कलाकारों ने मेरी भाषा, हिंदी भाषा, राजभाषा विषय पर नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। गीतिका पांडे-प्रमुख वित्ता सलाहकार व मुख्य राजभाषा अधिकारी ने नुक्कड़ नाटक के प्रतिभागियों से परिचय किया। कार्यक्रम के अंत में महाप्रबन्धक ने कलाकारों को सामूहिक पुरस्कार देने की घोषणा की।

## 12 से 26 नवंबर तक होंगे कई आयोजन

# 'गेट ब्लेस्ड, बी लकी' थीम पर होगा 'लकी लक्ष्मी महोत्सव'




बेधड़क | जयपुर

ऑल इंडिया जेम एंड ज्वैलरी डोमेस्टिक काउंसिल (जीजेसी) ने लकी लक्ष्मी महोत्सव की तैयारी पूरी की है। 'गेट ब्लेस्ड, बी लकी' थीम के साथ जयपुर में कई एक्टिविटीज की जाएंगी।

12 से 26 नवम्बर तक चलने वाले आयोजन में जयपुर और राजस्थान से बड़ी संख्या में यंग और डायनेमिक जूलर्स पार्टिसिपेट करेंगे। यह विचार जयपुर में विशेषज्ञों ने रखे और महोत्सव की बात की। महोत्सव जयपुर में एक जगह नहीं होकर प्रमुख जगहों पर होगा।

इससे हर उम्र के लोग महोत्सव का हिस्स बनेंगे। उत्सव में जयपुराइट्स को करोड़ों के पुरस्कार भी दिए जाएंगे, जिससे सभी आकर्षक प्रतियोगिताएं और रोमांचक गतिविधियां में जोश दिखाएंगे। जीजेसी डायरेक्टर और महोत्सव संयोजक कमल सिंघानिया ने बताया, कि जीजेसी बी2बी इवेंट जीजेसी-इंडिया जेम एंड ज्वैलरी शो की तैयारी में भी जुटा है, जो मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में होगा।

वहीं ऑल इंडिया जेम एंड ज्वेलरी डोमेस्टिक काउंसिल (जीजेसी) चेयरमैन सैय्यम मेहरा ने कहा, कि महोत्सव को उसके नए और उन्नत रूप में प्रस्तुत करते हुए खुश हैं। संयुक्त संयोजक मनोज ने बताया, कि इसमें बड़ी संख्या में जयपुराइट्स पार्टिसिपेट करते हुए एक-दूसरे के साथ खुशियां बांटेंगे।

**राइजिंग राजस्थान** पदाधिकारियों ने सरकार को दिए सुझाव

# बेहतर रिजल्ट के लिए सफल लोगों को बनाए ब्रांड एंबेसडर

बेधड़क | जयपुर

अखिल राज्य ट्रेड एंड इंडस्ट्री एसोसिएशन ने सरकार को सुझाया कि महत्वाकांक्षी आयोजन राईजिंग राजस्थान में बेहतर रिजल्ट प्राप्ति के लिए राज्य के सफल कारोबारियों को ब्रांड एंबेसडर बनाया जाए। आरतिया कोर-कमेटी की बैठक में इस पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में चेयरमैन कमल कंदोई और मुख्य संरक्षक आशीष सर्राफ ने कहा कि प्रदेश के प्रमुख कारोबारी केंद्रों पर जो सफल उद्यमी या कारोबारी हैं वे ब्रांड एंबेस्डर के तौर पर अन्य राज्यों व विदेशों से संपर्क कर अधिक से अधिक प्रवासी राजस्थानियों व अन्य कारोबारियों को राजस्थान में निवेश के लिए प्रेरित कर सकते हैं।




### ऐसे करें MOU और पहुंचें निवेश के मुकाम तक

आरतिया स्ट्रैटेजिक एडवाइजर ज्ञान प्रकाश और ओ पी राजपुरोहित के अनुसार इस समय महत्वपूर्ण है कि वे एमओयू या एलओआई किए जाए, जो वास्तव में निवेश के मुकाम तक पहुंच सकें। कारोबारी राजस्थान में निवेश करने के लिए तभी तत्पर होगा जबकि उसे निवेश के लिए पुख्ता जानकारी मिल सके। वरिष्ठ उपाध्यक्ष कैलाश शर्मा, सज्जन सिंह और उपाध्यक्ष तरूण सारड़ा के अनुसार प्रमुख निवेश क्षेत्रों इलेक्ट्रानिक्स व इलेक्ट्किल्स, माइंस एंड मिनरल्स, टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी, उत्पादन क्षेत्र, इन्फ्रास्ट्रक्चर आदि के सफल कारोबारियों में से ब्रांड एंबेस्डर्स का चयन किया जा सकता है।

### राजस्थान निवेश के लिए उपयुक्त

आरतिया अध्यक्ष विष्णु भूत व कार्यकारी अध्यक्ष प्रेम बियाणी के अनुसार राजस्थान में जिन उद्यमियों ने सफलतापूर्वक उद्योग का संचालन किया है वे इस बात के प्रमाण हैं कि राजस्थान निवेश के लिए सर्वथा-उपयुक्त है। ऐसे उद्यमियों को ब्रांड एंबेसडर बनाकर राजस्थान सरकार प्रवासी राजस्थानी व अन्य कारोबारियों के मन में विश्वास जगाने का काम कर सकती है जो प्रवासी कारोबारी मुंबई, बेंगलुरू, हैदराबाद, कटक, कोलकाता, गुवाहाटी आदि के अलावा विदेशों में काम कर रहे हैं। उनके मन में राजस्थान में निवेश करने का भाव तभी जागृत होगा जब राजस्थान का कोई सफल कारोबारी उन्हें बताएगा कि राजस्थान में निवेश कितना लाभकारी है।



### इजराइल ने लेबनान में हिजबुल्लाह के छक्के छुड़ाए

# धमाकों से दहला लेबनान...32 की मौत, 3000 से ज्यादा घायल

एजेंसी | बेरूत

लेबनान में बीती रात हिजबुल्लाह के वॉकी-टॉकी में हुए धमाकों से पूरा देश दहल गया। इन धमाकों में 32 लोगों की जान चली गई, जबकि 3,250 से ज्यादा लोग घायल हो गए। इन धमाकों का असर कई इलाकों में देखा गया। हिजबुल्लाह का आरोप है कि इस हमले के पीछे इजराइल का हाथ है। यह हमला हिजबुल्लाह पर पेजर अटैक के एक दिन बाद हुआ। हमले के वक्त पेजर अटैक में मारे गए लोगों का अंतिम संस्कार किया गया।



## इजराइल ने नई जंग के लिए कसी कमर

इजराइल ने इन हमलों पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है, लेकिन प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने देश उत्तरी इलाके के लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया है। इजराइल ने नए जंग के लिए कमर कस ली है। इजराइल ने 20 हजार सैनिकों को देश की उत्तरी सीमा पर तैनात किया है। इजराइल के रक्षा मंत्री योआव गैलेंट ने कहा कि युद्ध का केंद्र अब उत्तर की ओर जा रहा है। इजराइल ने अब अपनी सेनाओं, संसाधनों और ऊर्जा को इस नए मोर्चे पर केंद्रित करना शुरू कर दिया है।



## अमेरिका ने शुरू की मध्यस्थता की कोशिश

अमेरिका इस तनावपूर्ण स्थिति को शांत करने की कोशिश कर रहा है। वाशिंगटन के शीर्ष दूत अमोस होचस्टीन ने इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू से मुलाकात की। उन्होंने उन्हें यह समझाने की कोशिश की कि एक गहरे संघर्ष में जाने से इजराइल को कोई फायदा नहीं होगा। होचस्टीन ने यह भी कहा कि अगर यह युद्ध बढ़ता है, तो इसका असर पूरे क्षेत्र पर पड़ेगा।

## इजराइल को ठहराया जिम्मेदार

लेबनान सरकार और हिजबुल्लाह दोनों ने इजराइल को इन धमाकों का जिम्मेदार ठहराया है। हिजबुल्लाह ने कहा कि यह हमला हमारी संप्रभुता पर सीधा हमला है। हम इन हमलों का बदला जरूर लेंगे। वहीं, लेबनान के सूचना मंत्री जियाद मकारी ने कहा कि इजराइल की यह नई युद्धनीति है। हमारी जांच फिलहाज जारी है। उन्होंने कहा कि यह हमला केवल हिजबुल्लाह पर नहीं बल्कि पूरे लेबनान पर है।



## धमाकों के बाद 60 से ज्यादा घरों में आग

धमाकों के बाद लेबनान के कई इलाकों में आग लग गई। दमकल कर्मियों ने 60 से ज्यादा घरों, 15 कारों और दर्जनों मोटरसाइकिलों में लगी आग को बुझाने का काम किया। विस्फोटों के कारण कई लोग घरों में फंसे हुए थे, जिन्हें सुरक्षित बाहर निकाला गया। अधिकारियों का कहना है कि यह हमला काफी सुनियोजित था और इसका उद्देश्य लेबनान के विभिन्न हिस्सों में अस्थिरता पैदा करना था।

## दुनिया की नजरें लेबनान और इजराइल पर

इस हमले के बाद दुनिया भर की नजरें लेबनान और इजराइल के बीच के तनाव पर हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर यह संघर्ष और बढ़ता है तो यह पूरे मध्य पूर्व में अस्थिरता फैला सकता है। संयुक्त राष्ट्र और दूसरे कई इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन इस मामले में दखल दे सकते हैं। अगर ईरान और लेबनान के साथ इजराइल का युद्ध शुरू होता है तो मिडिल ईस्ट में एक नया संकट पैदा होगा। इससे पूरी दुनिया पर असर पड़ेगा।

### चीन को चिढ़ाने के लिए कर रहा है अभ्यास

# फिलीपींस से अमेरिका नहीं हटाएगा मिसाइलें

एजेंसी | मनीला

अमेरिका ने फिलीपींस में तैनात मिसाइल सिस्टम को हटाने से इनकार कर दिया है। चीन ने मांग की थी कि इलाके में बढ़ते तनाव को देखते हुए अमेरिका को फिलीपींस में तैनात मिसाइल सिस्टम हटा देना चाहिए। इस पर अमेरिका ने कहा है कि उसने फिलीपींस में तैनात मध्यम दूरी के मिसाइल सिस्टम को तत्काल वापस लेने की कोई योजना नहीं बनाई है। इसके उलट अमेरिकी सेना युद्ध की स्थिति में उस मिसाइल सिस्टम की तैनाती का परीक्षण कर रही है। अमेरिका के इस फैसले को चीन के लिए तगड़ा झटका माना जा रहा है। चीन और फिलीपींस में दक्षिण चीन सागर के द्वीपों को लेकर पुराना विवाद है।




अमेरिका ने तैनात किया है टाइफॉन सिस्टम

अमेरिका ने फिलीपींस में टाइफॉन मिसाइल सिस्टम तैनात किया हुआ है। यह सिस्टम चीनी लक्ष्यों पर क्रूज मिसाइलों से हमला कर सकता है। इस साल की शुरुआत में ही टाइफन मिसाइल सिस्टम को संयुक्त अभ्यास के लिए फिलीपींस लाया गया था, लेकिन यह अब भी वहीं है। हालांकि, इस सिस्टम का कंट्रोल फिलीपींस में मौजूद अमेरिकी सेना के हाथों में है। फिलीपींस एक दक्षिण पूर्वी एशियाई देश है, जो ताइवान का पड़ोसी है। यह एशिया में अमेरिकी रणनीतिक का एक महत्वपूर्ण हिस्सा भी है। माना जा रहा है कि ताइवान पर चीनी हमले की स्थिति में फिलीपींस अमेरिकी सेना का एक महत्वपूर्ण बेस बनेगा।

## चीन से टकराव के बाद अमेरिका ने की तैनाती

अमेरिका ने फिलीपींस में अपने मिसाइल सिस्टम को तब तैनात किया है, जब मेजबान देश का चीन के साथ दक्षिण चीन सागर के कुछ हिस्सों पर टकराव बढ़ गया है। चीन ने फिलीपींस को मिसचीफ रीफ और स्कारबोरो शोल जाने से रोकने की कोशिश की है। इस दौरान दोनों देशों के तट रक्षक बलों के बीच छिटपुट संघर्ष भी हुआ है। चीन हजारों किलोमीटर में फैले दक्षिण चीन सागर के विवादित द्वीपों का सैन्यीकरण कर रहा है। इससे वह रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण और संसाधन समृद्ध जलमार्ग पर अपना दावा भी मजबूत कर रहा है।

## चीन और रूस ने की निंदा

चीन और रूस ने इंडो-पैसिफिक में अमेरिकी मिसाइल सिस्टम की तैनाती की निंदा की है। दोनों देशों ने अमेरिका पर एशिया में हथियारों की होड़ को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। चीन के विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि वह इस सिस्टम को बनाए रखने की योजना को लेकर बहुत चिंतित है। मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने एक प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि इससे क्षेत्रीय देशों की सुरक्षा को गंभीर खतरा है और भू-राजनीतिक टकराव बढ़ता है।

### राइसिडा के पास टैकोमा एयरपोर्ट का महत्वपूर्ण डेटा

# हैकर को 50 करोड़ की फिरौती देने से इनकार

एजेंसी | वाशिंगटन

साइबर अपराध की दुनिया में राइसिडा के नाम से कुख्यात रैनसमवेयर गिरोह को टैकोमा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का संचालन करने वाली कंपनी सी-टैक ने 100 बिटकॉइन की फिरौती देने से इनकार कर दिया है। यह रकम भारतीय मुद्रा में लगभग 50 करोड़ रुपए होती है। राइसिडा ने अप्रैल में साइबर अटैक कर एयरपोर्ट का महत्वपूर्ण डेटा चुरा लिया था।

एक खबर के अनुसार, अमेरिकी सीनेट की वाणिज्य, विज्ञान और परिवहन समिति को सुनवाई में सी-टैक ने यह जानकारी दी। एयरपोर्ट के प्रबंध निदेशक लांस लिटल ने कहा कि अगस्त में हुए साइबर अटैक की आंतरिक जांच चल रही है। अब तक की जांच में यह साफ हो गया है कि इस साइबर अटैक में राइसिडा का हाथ है। मगर यह यह स्पष्ट नहीं है कि राइसिडा ने कितना डेटा चुराया है। राइसिडा इसके लिए 100 बिटकॉइन (लगभग 6 मिलियन डॉलर) की फिरौती मांग रहा है। लिटल ने कहा कि राइसिडा ने अपनी डार्कनेट लीक साइट पर सिएटल पोर्ट सिस्टम से चुराई गई आठ फाइलों की एक प्रति पोस्ट की है।



एयरपोर्ट की संचालनकर्ता और मालिक कंपनी सी-टैक ने फिरौती न देने का फैसला किया है। फिलहाल आठों फाइलों की समीक्षा की जा रही है। अभी तक स्पष्ट नहीं है कि रैनसमवेयर समूह ने कुल कितना डेटा एक्सेस किया। इस बीच, सी-टैक के प्रवक्ता पेरी कूपर ने फिरौती मांगने की पुष्टि की है। ऑस्ट्रेलियाई साइबर सुरक्षा समाचार आउटलेट साइबर डेली ने कहा है कि राइसिडा ने एयरपोर्ट का एक विस्तृत नक्शा भी पोस्ट किया है। रिपोर्ट के अनुसार, राइसिडा ने डेटा को नीलामी के लिए रखा है। उल्लेखनीय है कि टैकोमा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट उत्तरी अमेरिका का आठवां सबसे बड़ा एयरपोर्ट है। यह अलास्का एयरलाइंस और डेल्टा एयर लाइंस दोनों के लिए एक हब के रूप में काम करता है।

### बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को भनक तक नहीं

# मुल्क छोड़ रहे अवामी लीग के प्रमुख नेता

एजेंसी | ढाका

बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद अवामी लीग के नेताओं की जोर-शोर से शुरू धरपकड़ के बीच कई प्रमुख नेता मुल्क छोड़कर भाग गए। मजेदार बात यह है कि अंतरिम सरकार और उसकी एजेंसियों को इस बारे में भनक तक नहीं मिली। इनमें से अधिकतर नेता पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के करीबी हैं। वह उनकी सरकार में ताकतवर मंत्री रहे हैं। सभी हत्या के आरोप सहित कई मामलों में आरोपी हैं।

ढाका से छपने वाले बांग्ला अखबार ने अपनी खबर में इस पर विस्तार से चर्चा की है। अखबार ने देश छोड़ने वाले कुछ प्रमुख नेताओं के फोटो भी साझा किए हैं। खबर के अनुसार, छात्रों और लोगों के व्यापक विद्रोह के कारण अवामी लीग सरकार के गिरने के एक महीने बाद भी अवामी लीग के कई नेता, पूर्व मंत्री और विधायक अभी भी देश छोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। कई पहले ही देश छोड़ चुके हैं। कुछ लोग देश से भागने की कोशिश करते हुए सीमा पर पकड़े गए। सीमा पार करने की कोशिश में मौत की भी खबरें हैं। रिपोर्ट के अनुसार, पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमां खान, पूर्व जूट और कपड़ा मंत्री जहांगीर कबीर नानक और अवामी लीग के संयुक्त महासचिव और पूर्व विधायक एएफएम बहाउद्दीन नसीम पिछले हफ्ते सीमा पार कर चुके हैं। पूर्व विदेश मंत्री हसन महमूद, पूर्व स्थानीय सरकार मंत्री मोहम्मद ताजुल इस्लाम, पूर्व शिक्षामंत्री मोहिबुल हसन चौधरी, पूर्व सूचना और प्रसारण राज्यमंत्री मोहम्मद अली अराफात, पूर्व विधायक अलाउद्दीन अहमद और लोकप्रिय अवामी लीग नेता शमीम उस्मान पांच अगस्त के बाद देश छोड़ चुके हैं। खबर में अवामी लीग के कई अन्य केंद्रीय नेताओं के भी देश छोड़ने की आशंका जताई है।







सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl